सुविचार

जीवन में ज्यादा रिश्ते ज़रूरी नही हैं, पर जो रिश्ते हों उनमें जीवन होना ज़रूरी है।

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom of Speech

संपादक :- नागेश नरवरिया

RNI.NO. MPHIN/2015/76299

Mother's Basket
Kitchen Herbs & Spices
Swad jo pahuche dil tak

वर्ष 6, अंक-87 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 04 फरवरी 2022 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 3 रुपये

## राज्य सरकार द्वारा किस कानून के अंतर्गत लोक एवं निजी संपत्ति के नुकसान का निवारण एवं वसूली अधिनियम पारित किया गया जानिए/Legal General Knowledge.... ।

मध्यप्रदेश राज्य सरकार द्वारा हाल ही में मध्यप्रदेश लोक एवं निजी संपत्ति को नुकसान का निवारण एवं नुकसानी की वसूली विधेयक,2021 पारित किया गया है। इसका



अधिनियम का उद्देश्य यह हैं कि किसी भी प्रकार की हड़ताल, बंद, दंगो, लोक अशांति, पत्थर फेंकने, आगजनी या किसी भी प्रकार की हिंसा के कारण सार्वजनिक संपत्ति या किसी भी व्यक्ति की निजी संपत्ति को जो क्षति(नुकसानी) होगी वह अधिनियम के अध्याय 2 के नियम क्रमांक 3(1) के अंतर्गत जिला मजिस्ट्रेट के पास नुकसानी के प्रतिकर प्राप्त करने के लिए दावा याचिका प्रस्तुत कर सकता है, अगर कोई व्यक्ति किसी सार्वजनिक संपत्ति या निजी संपत्ति को नुकसान पहुचता हैं तो वह खुद इस नुकसानी का जिम्मेदार होगा। जानते हैं मध्यप्रदेश राज्य सरकार ने किस कानून के अंतर्गत यह अधिनियम पारित किया हैं।

**इन. रीः डिस्ट्रक्शन ऑफ पब्लिक एण्ड प्राइवेट प्रॉपर्टीज बनाम आंध्रप्रदेश राज्य व अन्यः** उक्त मामले में उच्चतम न्यायालय ने विभिन्न घटनाओं का संज्ञान लेते हुए यह अभिनिर्धारित किया कि जहां आंदोलन, बंद, हड़ताल दंगो(साम्प्रदायिक या अन्य कोई भी),लोक अशांति,पत्थर फेंकने, आगजनी या हिंसा के समस्त कार्यो का प्रभावी रूप से सामना करने एवं सार्वजनिक(लोक) एवं निजी संपत्ति को होने वाले नुकसान एवं क्षति को रोकने तथा कम करने हेतु विधि को अधिनियमित करना प्रस्तावित करती है। उच्चतम न्यायालय ने यह भी कहा कि विधेयक सार्वजनिक एवं निजी संपत्ति को हुए नुकसान को निर्धारित करने एवं अपराधी से इन नुकसानों को वसूल करने का प्रयास करता है एवं उच्चतम न्यायालय ने लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम,1984 के नियमो को अपर्याप्त एवं अप्रभावी पाया है इसलिए इसे कठोर एवं भयोपरत बनाने के लिए राज्य सरकारों को भी विधि को संशोधित करने हेतु निर्देशित किया। अर्थात मध्यप्रदेश राज्य सरकार द्वारा बनाया गया विधेयक सुप्रीम कोर्ट के उपर्युक्त महत्वपूर्ण कानून के अंतर्गत संवैधानिक कानून हैं।

**- लेखक बी.आर.अहिरवार(पत्रकार एवं लॉ छात्र होशंगाबाद) 9827737665**

## संघ स्थापना दिवस 47 वा और संघ संस्थापक अमान सिंह नरवरिया जी का जन्म उत्सव समारोह हर्षोल्लास और बड़ी धूमधाम से मनाया गया

आर,मांडले पिपरिया

**पिपरिया।** अहिरवार समाज संघ पिपरिया के तत्वधान में आज दिनांक 30/01/ 2022 को दिन रविवार को संघ स्थापना दिवस 47 वा और संघ संस्थापक माननीय आदरणीय चौधरी अमान सिंह नरवरिया जी का जन्म उत्सव समारोह हर्षोल्लास और बड़ी धूमधाम से अलका होटल में मनाया गया जिस में पधारे हुए सभी पदाधिकारियों का पिपरिया टीम की ओर से धन्यवाद उपस्थित पदाधिकारी, माननीय प्रदीप अहिरवार जी राज्यमंत्री अनुसूचित जाति जनजाति आयोग मध्यप्रदेश शासन,आदरणीय हमारे संघ संस्थापक चौधरी अमान सिंह नरवरिया आदरणीय संघ संरक्षक भागचंद बरगले जी होशंगाबाद, आदरणीय,आदरणीय सम्मानीय राजेश अहिरवार जी प्रदेश अध्यक्ष अहिरवार समाज संघ ,संगीता गोलियां बहन प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, संजेश गोलिया जी आई,टी सेल प्रदेश अध्यक्ष, सुनील बामने जी युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष,भाव सिंह जी प्रदेश उपाध्यक्ष ,माननीय कन्हैया लाल बामने जी संभागीय अध्यक्ष,आर.मांडले संभागीय सचिव, जिला अध्यक्ष ,माननीय गुमान सिंह मांडले जी एडवोकेट, संतोष पथोरिया युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष, मनमोहन अहिरवार हेमंत





चौधरी रायसेन, रवि अहिरवार ,श्याम अहिरवार , विजय अहिरवार जी,कल्लू भाई, रमेश अहिरवार जी,श्यामलाल, गणेश ठकराल,चुन्नीलाल बुद्ध जी,कमल अहिरवार जी,राजू ठेकेदार नगर अध्यक्ष अहिरवार,समाज संघ,करोड़ी लाल गोलियां ब्लॉक अध्यक्ष ,टीकाराम,और समस्त अहिरवार समाज संघ के वरिष्ठ नागरिक कनिष्ठ और वरिष्ठ सभी पदाधिकारियों को संघ के कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया आभार व्यक्त , माननीय राजू ठेकेदार नगर अध्यक्ष ने किया।



## मजदूरी करने वाली महिलाओं को भी है यौन उत्पीड़न से संरक्षण पाने का अधिकार जानिए/Legal General Knowledge.... ।

*किसी वृत्ति, व्यापार या पेशा के चलाने के लिए सुरक्षित काम का वातावरण होना चाहिए। प्राण के अधिकार का तात्पर्य मानव गरिमा से जीवन जीना है। ऐसी सुरक्षा और गरिमा की सुरक्षा को समुचित कानूनों द्वारा सुनिश्चित कराने तथा लागू करने का प्रमुख दायित्व विधानमंडल और कार्यपालिका का होता है, किन्तु जब कभी न्यायालय के समक्ष अनु.32 के अधीन महिलाओं यौन उत्पीड़न का मामला लाया जाता है तो उनके मूल अधिकारों की संरक्षा के लिए मार्गदर्शन सिध्दांत विहित करना, जब तक कि समुचित विधान नहीं बनाये जाते उच्चतम न्यायालय का संवैधानिक कर्तव्य हैं कि महिलाओं का यौन उत्पीड़न से संरक्षण करना जानिए सुप्रीम कोर्ट का महत्वपूर्ण जजमेंट।*

***विशाखा बनाम राजस्थान राज्यः*** *उक्त मामले में उच्चतम न्यायालय के तीन न्यायधीशों की पीठ ने श्रमजीवी(मजदूरी करने वाली) महिलाओं के प्रति काम के स्थान में होने वाले यौन उत्पीड़न(छेड़छाड़) को रोकने के लिए जब तक कि इस प्रयोजन के लिए विधि नहीं बन जाती हैं, विस्तृत मार्गदर्शन सिद्धान्त विहित किया है। न्यायालय ने यह भी कहा है कि देश की वर्तमान सिविल विधियां या आपराधिक विधियां काम के स्थान पर महिलाओं के यौन शोषण से बचाने के लिए प्रर्याप्त संरक्षण प्रदान नहीं करती है और इसके लिए विधि बनाने में काफी समय लगेगा। अतः जब तक विधानमंडल समुचित विधि नहीं बनाता है तब तक न्यायालय द्वारा विहित मार्गदर्शक*



*सिद्धांत को लागू किया जायेगा। न्यायालय द्वारा यह निर्णय दिया है कि प्रत्येक नियोक्ता या अन्य व्यक्तियों या प्रभारी का यह कर्तव्य है कि काम के स्थान या अन्य स्थानों में चाहे प्राइवेट हो या पब्लिक, श्रमजीवी महिलाओं के यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए निम्न समुचित उपाय करें-*

*1. यौन उत्पीड़न अभिव्यक्त पर रोक लगाना चाहिए जैसे शारीरिक संबंध और प्रस्ताव, यौन संबंध के लिए मांग या प्रार्थना करना, अश्लील बाते एवं साहित्य संबंधित कार्य न करने देना। अगर कोई व्यक्ति ऐसा अपकृत्य करता है एवं नियमो का पालन नहीं करता है तब दोषी व्यक्तियों के लिए समुचित दण्ड का प्रावधान किया जाना चाहिए।*

*2. महिलाओं को काम, आराम, स्वास्थ्य ओर स्वास्थ्य विज्ञान के संबंध में समुचित परिस्थितियों का प्रावधान होना चाहिए और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि महिलाओं को काम के स्थान में कोई विद्वेषपूर्ण वातावरण न ही न उनके मन में ऐसा विश्वास करने का कारण हो कि वह नियोजन आदि के मामले में अलाभकारी स्थिति में है।*

*3. जहाँ कोई ऐसा आचरण भारतीय दण्ड संहिता या किसी अन्य विधि के अधीन विशिष्ट अपराध होता हो तो नियोक्ता को विधि के अनुसार उसके विरुद्ध समुचित प्राधिकारी को शिकायत करके समुचित कार्यवाही प्रारंभ करना चाहिए।*

***- लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान(महिला सामाजिक कार्यकर्ता अलीगढ़ उत्तर प्रदेश)***





## पराधीनता पाप है, जान लेऊ रे मीत - धर्माचार्य

**रायसेन/देवरी।** अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन भारत की मध्यप्रदेश इकाई के प्रदेश उपाध्यक्ष सेवादार श्रद्धेय श्री अतरसिंह भारतीय के गृह जिले रायसेन के कस्बा देवरी (पान) तहसील उदयपुरा में दिनांक 30 जनवरी 2022 को सेवादार श्रद्धेय कमलेश बघेल, गोटीराम बघेल जी की माता जी ब्रम्हलीन कली देवी जी की याद में रखे श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पूज्य संत शिवकुमार जी महाराज मंडला वालों के सानिध्य में संत शिरोमणि जगत गुरु रविदास जी महाराज की अमृतवाणी, आरती और अरदास का कार्यक्रम अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन भारत की मध्यप्रदेश इकाई के प्रदेश धर्माचार्य, गुरुवाणी के प्रकांड विद्वान परम पूज्य संत श्री रामदयाल शास्त्री जी महाराज के मुखारविंद से आयोजित किया गया। परम पूज्य शास्त्री जी महाराज ने अखिल भारतीय रविदासिया धर्म एवं अमृतवाणी का प्रचार करते हुए भाव प्रकट किया कि समाज को सद्भाव बनाकर रहना चाहिए और सदगुरु रविदास जी महाराज के बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने प्रेरणा दी कि मनुष्य को पराधीनता पाप है जान लेऊ रे मीत, रविदास दास पराधीन सै कौन करै हैं प्रीत के सिद्धांत को समझते हुए मनुष्य को बेगमपुरा की स्थापना कर जीवन का आनंद



लेना चाहिए। कार्यक्रम में विशेष रूप से पूजनीय संत श्री गणेशदास जी के सहयोग से पूजनीय संत श्री मोहनदास जी (गुरुद्वारा गुप्ति), हेमंत नरवरिया, रमन बामने, हाकम सिंह अहिरवार एवं क्षेत्र के कई गांवों से सैंकड़ों गुरु प्रेमी महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने उपस्थित होकर गुरुवाणी का श्रवण पान किया। अंत में प्रदेश के उपाध्यक्ष श्री अतरसिंह भारतीय ने संतों, अतिथियों और जनता जनार्दन को संबोधित कर गुरुवाणी का महत्व बताया और जनता से आह्वान किया कि अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन भारत से जुड़ें और गुरुवाणी का प्रचार करें। कार्यक्रम का संचालन मिट्ठूलाल बघेल जी द्वारा प्रारंभ कराया गया। पूरन बघेल, सुनील बघेल राकेश अम्बेडकर अखिलेश बघेल मनोज बघेल मंजीत बघेल सचिन बघेल अनिकेत बघेल अंत में आभार व्यक्त कर कार्यक्रम को संपन्न कराया।

## क्षणिकाएं

1
खाने की अहमियत,
उनसे पूछो।
जिनके पास ,
एक दाना नहीं।
2
ममत्व की चाहत,
उनसे पूछो,
जिनके कोख में,
ललन नहीं।
3
शोर्य की अहमियत,
उनसे पूछो।
जो शरहद पर,
जान की फिक्र करते नहीं।
4
श्रम का महत्व,
श्रमिक से पूछो।
जो रात- दिन देखते नहीं।
5
प्रकृति का महत्व,
उनसे पूछो।
कोरोना कॉल में, ऑक्सीजन मिली नहीं।
6
अकूत संपत्ति का वहम,
उनसे पूछो।
कोरोना काल में तिजोरी,
काम आई नहीं।।
**********

**अंशु कवि**
**नारायण मासाब**
**होशंगाबाद**

## चेहरे

लिखने को तो बहुत कुछ लिखता
लेकिन अपनी किस्मत नही लिख पा रहा था

खामिये तो बहुत थी मुझ में लेकिन
अपनी कमिया नही लिख पा रहा था

बेनकाब ना हो अपने चेहरे इसलिए
सच्चाई,हकीकत नही लिख पा रहा था

सतरंज खेल में मोहरे तेज चलते
हार कर जीतने बाले पर में लिख नही पा रहा था

जिसने लिखी थी तकदीर तस्वीर
बो ही भृम जाल से निकल नही पा रहा था

दुसरो पर ऊगली तो में खूब उठता था
लेकिन अपनी कमिया नही लिख पाता था

जिंदगी जख्मो से भरी है
मौत को कैसे हराना है लिख नही पा रहा था

गुमराह तो बहुत किया मैने जिंदगी को
इसलिए तो मौत पर लिखा नही पा रहा था

**मोहन मांढरे**
**विदिशा**

## वीरता

**अमर शहीद मनीराम अहिरवार**
गोली का जवाब
गुलेल से दिया
अपने वीरता के बल पर
मनीराम अहिरवार जी ने
किला जीत लिया ।
मध्यप्रदेश की भूमि, नरसिंहपुर
गाडरवारा के चीचली गांव में
गोंडवाना
नरेश शंकर प्रताप सिंह जुदेव
के नगरी में
21 नवंबर 1915 को
रविदसिया वंशीय
हीरालाल अहिरवार के घर
मे जन्म लिया
मनीराम अहिरवार,पिता ने
उसका नाम दिया
उसकी वीरता को देख लोग
दांतो तले उंगली दबा लेते थे
ऐसा वीरता का उस वीर ने
कार्य किया
गोली का जवाब
गुलेल से दिया
साहसी निडर,वीर
निशानेबाजी में प्रवीर
गोंडवाना राजमहल चीचली
का रखवाला था
राजा के अनुपस्थिति में
अपने दम पर ही
राजमहल संभाला था।
किला हथियाने की अंग्रेज़ो
को भान हुआ
समझ अकेला मनीराम को
सैनिकों ने आक्रमण बोल दिया
गोली का जवाब
गुलेल से दिया
अचुक निशाना साधा उसने
गोलियों को गोटी से
पछाड़ा उसने
युद्ध मे उनके साथु
मंशाराम जटासी और
वीरांगना गौरादेवी शहादत
को प्राप्त हुए
गुलेल की गोटी के मार से
अंग्रेजी सैनिक हताहत होकर
भाग गये
साम दाम दण्ड भेद नीति से
मनीराम अहिरवार जी को
गिरफ़्तार किया
गोंडवाना के गुप्त रहस्य
जानने
मनीराम को घोर यातनाएं
दिया
सहकर पीड़ा,मुंह सील लिया
जान दे दी अपनी शहादत
को स्वीकार किया
नमन है ऐसे वीर की वीरता को
मरणोपरांत सम्मान मिले
ऐसे महान इंसान को
जन जन जाने कौन है वो
अमर शहीद मनीराम अहिरवार को।
शत् शत् नमन
श्रृद्धा सुमन



**हरीश पांडल**
**विचार क्रांति**
**छत्तीसगढ़**

## किस्त नहीं एकमुश्त

अब तक हुए सभी
जुल्मो का हिसाब
सामंतो से लेना है ।
जालिमो ने हमे तो
किस्त में दिया था,
उनसे एकमुश्त लेना है।।
* जो भाषा उन्हे समझ आये
हम उसका उपयोग करेंगे
बहुत सहा है जुल्मो-सितम
सभी जख्मो का हिसाब
अब उनसे लेना है।।
*कोई जब एक गाल पर
तमाचा मारे तो,
दुसरा गाल आगे कर दो,
ऐसा ही सीख हमे
सिखाया गया था ?
हमे अहिंसा का पाठ
पढ़ाया
हम पर हि,हिंसा को
अपनाया था,
हिंसा का जवाब अब हिंसा
से ही देना है,
अब तक हुए सभी जुल्मो
का हिसाब
उनसे लेना है ।
हमे तो किस्तो में
दिया था,
एकमुश्त उनसे भी
लेना है,
* अहिंसा परमो धर्म
की सीख देने वाले सामंत ,
शोषितों पर सदियों से
हिंसक कहर ढाया है,
जातिवाद-भेदभाव
ऊंच-नीच के नाम पर
शुद्रो का लहु बहाया है।
सामंत हिंसा करे,
तो माफ है ,
शुद्र हिंसा का जवाब दे
तो अपराध है,
इस दोमुंहे नीति का
मुंह तोड़ जवाब देना है
अब तक हुए सभी
जुल्मो का हिसाब अब
सामंतों से लेना है।

**हरीश पांडल**
**विचार क्रांति**
**छत्तीसगढ़**

# तीन दिवसीय हैंड्स ऑन ट्रेनिंग ऑन टूल्स एंड टेक्निक्स इन बायोलॉजिकल साइंस विषय पर नैशनल वर्क्शाप का आयोजन किया गया।



**होशंगाबाद।** शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय मे बॉटनी एवं बायोटेक्नॉलॉजी विभाग द्वारा तीन दिवसीय हैंड्स ऑन ट्रेनिंग ऑन टूल्स एंड टेक्निक्स इन बायोलॉजिकल साइंस विषय पर नैशनल वर्क्शाप का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की संरक्षक एवं प्राचार्य डॉ.श्रीमती कामिनी जैन ने स्वागत उदबोधन दिया एवं छात्राओं को मार्गदर्शित किया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वारा वे अपने विषय से सम्बंधित नवीन तकनीको को बेहतर तरीके से सीख पायेंगे एवं उनके भविष्य के लिए ये लाभप्रद होगा। ट्रेनिंग प्रोग्राम की समन्वयक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीमती रागिनी सिकरवार ने छात्राओं को मार्गदर्शित किया कि यह कार्यक्रम तीन दिवसीय है एवं छात्राओं को इसके द्वारा अपनी स्किल्स को सवारने का अवसर मिलेगा। मुख्य वक्ता एवं ट्रेनिंग प्रोग्राम एक्स्पर्ट डॉक्टर श्रीमती दीप्ति चोपड़ा ष्टस्ढ्क्र एंड इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टॉक्सिकोलॉजी रिसर्च लखनऊ, रीसर्च एसोसिएट ने लैब मे उपयोग होने वाले कई उपकरण जेसे- पिपेट्स, टिप्स, मल्टी चैनल पिपेट्स, सेंट्रिफ्यूज, वॉटर बाथ, टूब्ज, वोर्टेक्स, इत्यादि को समझाया एवं मेडिकल साइयन्स और अध्ययन क्षेत्र मे इनकी उपयोगिताओं के बारे मे बताया। ट्रेनिंग प्रोग्राम मे विभाग के डॉ. पूजा थापक, डॉ. धीरज खातरकर, डॉ. श्रद्धा गुप्ता, डॉ.मनीष चंद्र, कुमारी शिवानी, एवं ऑनलाइन तथा ऑफलाइन छात्रायें भारी संख्या मे उपस्थित थी।

# बजरंग दल के महामंत्री द्वारा ठाकुर जी प्लेस होटल का शुभारंभ किया गया





### रिपोर्टर श्रीमती ज्योति चौहान

**अलीगढ़(उ. प्र.)।** अतरौली के शिवाजी नगर में रविवार को ठाकुर जी प्लेस लॉज का शुभारंभ किया गया। लॉज का उद्घाटन बजरंग दल के महामंत्री श्री रामकुमार भाई साहब द्वारा किया गया। ठाकुर जी प्लेस के मालिक श्री ठाकुर दशरथ सिंह के सुपुत्र श्री ठाकुर रणविजय सिंह जी ने बताया कि यह लॉज सर्वसुविधायुक्त हैं एवं सभी वर्ग के लोगों के लिए उपलब्ध होगी साथ ही गरीब लोगों के लिए कम रुपये पर उपलब्ध करवाई जाएगी। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं आमजन मौजूद रहे।

# अवैध शराब की तस्करी करते 2 गिरफ्तार

*■ 13 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, परिवहन में उपयोग की गई कार और मोटरसाइकिल भी जप्त, मनेन्द्रगढ़ पुलिस की बड़ी कार्यवाही।*




**कोरिया।** जिले के मनेन्द्रगढ़ थाना अंतर्गत इंडिगो कार से अवैध शराब का परिवहन करने के मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1 युवक से बड़ी मात्रा में अंग्रेजी गोआ शराब बरामद की है वहीं एक अन्य प्रकरण में भी 1 युवक से एक पेटी गोआ शराब के साथ मोटरसाइकिल जप्त की गई है। पूरे मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मनेन्द्रगढ़ उपनिरीक्षक सचिन सिंह ने बताया की पुलिस अधीक्षक कोरिया प्रफुल्ल कुमार ठाकुर द्वारा अवैध मादक पदार्थो, जुआ, सट्टा पर प्रभावी कार्यवाही का निर्देश दिया गया था जिसके परिपालन में लगातार कार्यवाही की जा रही है। शनिवार की रात में अवैध शराब पर कार्यवाही कर 2 युवकों को 13 पेटी अवैध अंग्रेजी गोआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है वहीं पूर्व में भी दिनांक 21-22 जनवरी को भी दो अलग अलग मामले में मध्य प्रदेश के तस्करों को जेल भेजने की कार्यवाही की गई थी। थाना प्रभारी सचिन सिंह ने आगे बताया की कोरिया पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर के निर्देश पर लगातार मुखबिरों की सूचना पर कार्यवाही की जा रही है।इसी तारतम्य में मनेंद्रगढ़ पुलिस को सूचना मिली कुछ व्यक्ति राजनगर झगराखांड के रास्ते मनेंद्रगढ़ होते हुए शराब लेकर जाने वाले हैं। मुखबिर की सूचना से तत्काल पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर को अवगत कराया गया तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह एवं एसडीओपी मनेंद्रगढ़ के निर्देशन में दो अलग-अलग टीम मुखबिर के बताये स्थान पर रवाना की गई। मुखबिर के बताये अनुसार टाटा इंडिगो क्रमांक सीजी 16 सीएफ 3280 जो राजनगर के रास्ते झगराखांड होते हुए मनेंद्रगढ़ आ रही थी। कार को विवेकानंद कॉलेज के सामने घेराबंदी कर पकड़ा गया। कार चालक से नाम पूछने पर उसने अपना नाम रवि कुमार जायसवाल पिता नारायण प्रसाद जायसवाल उम्र 27 वर्ष निवासी ईट भट्टा दफाई झगराखांड बताया। कार को चेक करने पर कार के अंदर से 12 पेटी गोवा व्हिस्की शराब मिली प्रत्येक पेटी में 50 नग प्रत्येक में 180 द्रव्य कुल 600 सीसी में लगभग 108 लीटर गोवा शराब कीमत लगभग 78000 होना पाया गया।

# पठारी हवेली में चार दिन में शुरू होगी नई गोशाला, कलेक्टर ने दिए निर्देश

**विदिशा।** शहर से लगी ग्राम पंचायत पठारी हवेली में बीते तीन महीनों से बन्द गोशाला अगले चार दिनों में शुरू हो जाएगी। इसके निर्देश कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने जनपद पंचायत के सीईओ को दिए है। मालूम हो, नवदुनिया ने गोशालाओं की बदहाली को लेकर चलाये जा रहे अभियान में एक दिन पहले पठारी हवेली में नवीन गोशाला बन्द होने की खबर प्रकाशित की थी। यह गोशाला वन विभाग ने बनाई थी जिसे तीन माह पहले ग्राम पंचायत को हस्तांतरित भी कर दिया था। लेकिन गोशाला में पानी के इंतजाम न होने और चारा- भूसा का बजट नहीं मिलने से ग्राम पंचायत ने इसे शुरू नही किया था। गुरुवार को कलेक्टर उमाशंकर भार्गव पशु चिकित्सा विभाग और जनपद पंचायत के अधिकारियों के साथ गोशाला का निरीक्षण करने पहुंचे। यहां उन्होंने एक गोशाला का संचालन सुचारू रूप से पाया वही दूसरी गोशाला को चार दिनों में शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से गोशाला देरी से हस्तांतरित करने को लेकर जवाब तलब भी किया।

# तीसरी लाइन कनेक्टिविटी के चक्कर में आए दिन हो रही ट्रेनें कैंसिल यात्री हो रहे परेशान

**अनूपपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर रेलवे कटनी सेक्शन में तीसरी लाइन कनेक्टिविटी के चक्कर में आए दिन यात्री ट्रेनों को कैंसिल किया जा रहा है जिससे यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है।वही देखा जा रहा है कि गुड्स ट्रेन धड़धड़ाते हुए चल रही है इस ट्रेन को चलाने में रेलवे को कोई दिक्कत नहीं आ रही है।तीसरी लाइन कनेक्टिविटी के चक्कर में कोई अंतर नहीं पड़ रहा है तो फिर यात्री ट्रेनों से क्या अंतर पड़ रहा है...?काफी समय से पूरी तरह से यात्री ट्रेनों को अभी तक नहीं चलाया गया और ना ही पहली की तरह ट्रेनें चल रही है अधिकांश ट्रेनों में बिना रिजर्वेशन के जाने की अनुमति नहीं है।इन सब कारणों से यात्रियों पर आर्थिक बोझ ज्यादा पड़ रहा है लेकिन रेलवे के आला अफसर इस और कोई भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे परेशानी यात्रियों की काफी ज्यादा है।बसों एवं टैक्सियों से यात्रा काफी महंगी पड़ रही है लेकिन मजबूरी में आदमी को यात्रा करना पड़ रहा है।कोरोना का नाम लेकर रेलवे यात्रियों के साथ खिलवाड़ कर रही है कई ऐसे भी स्टेशन है जो अपने आप में महत्वपूर्ण है लेकिन वहां ट्रेनें नहीं रुक रही हैं।यह रेलवे की भेदभाव पूर्ण नीति है रेलवे को पहले की तरह सभी ट्रेनें चालू कर देना चाहिए और पहले कि तरह ही टिकट खिड़की से टिकट की सुविधा दी जानी चाहिए।इसके साथ ही देखा जा रहा है कि ट्रेनें कैंसिल होने से जो भी ट्रेनें चलती हैं उस पर यात्रियों का दबाव ज्यादा होता है काफी लोगों ने अपना रिजर्वेशन आने-जाने के लिए कराया लेकिन उन ट्रेनों को कैंसिल कर दिया गया और जो ट्रेनें उस लाइन पर चल रही है उन ट्रेनों में बोगी बढ़ाकर यात्रियों को सुविधा दी जानी चाहिए लेकिन रेलवे इस और तनिक भी ध्यान नहीं दे रहा है जिससे यात्रियों में काफी निराशा है।रेलवे के वरिष्ठ अफसरों को चाहिए कि इस ओर ध्यान दें जो भी ट्रेनें चल रही हैं बिलासपुर-कटनी रेल सेक्शन में उनमें कम से कम दो से तीन बोगी बढ़ा कर यात्रियों को सुविधा दी जा सकती है लेकिन रेलवे आज तक इस ओर भी ध्यान नहीं दे रहा है।कोरोना काल में काफी समय तक ट्रेनें बंद रही उस समय रेलवे को तीसरी लाइन कनेक्टिविटी एवं अन्य कार्य करके यात्रियों को सुविधा पूर्ण रेल यात्रा करानी चाहिए थी लेकिन रेलवे ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद की चुप्पी के चलते भी यात्री काफी परेशान हैं।कई बार निवेदन किया गया लेकिन उनके कान में जूं तक नहीं रेंगी उनके सभी पत्र रद्दी की टोकरी में डाल दिए जाते हैं किसी पत्र पर आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।उमरिया जोकि नेशनल पार्क बांधवगढ़ के नाम से प्रसिद्ध है इसके साथ ही जैतहरी आदि अन्य और स्टेशनों पर कई ट्रेनों के स्टॉपेज आज दिनांक तक सांसद नहीं दिला पाई।जबकि अन्य रेलवे में वही ट्रेनें छोटे-छोटे स्टेशनों पर बराबर रुक रही हैं क्योंकि वहां के सांसद दमदार हैं जिसके कारण ट्रेनों के स्टॉपेज यथावत मिले हुए हैं।लेकिन हमारे शहडोल जिले की सांसद केवल फोटो छपवाने तक ही सीमित है लड़ने की ताकत उनमें नहीं है।स्वर्गीय दलवीर सिंह जी, स्वर्गीय श्रीमती राजेश नंदनी सिंह जी दमदारी के साथ काम करती थी उनकी बातों में वजन होता था और कार्य होते थे लेकिन बड़ा दुर्भाग्य है कि उनकी पुत्री उनके जैसा कार्य करने में सक्षम नहीं है।जिसके कारण भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।लोगों ने भारी बहुमत से इसलिए उन्हें जिताया था कि वह स्वर्गीय दलवीर सिंह जी,स्वर्गीय श्रीमती राजेश नंदनी सिंह जी की पुत्री है उनके मार्ग पर वह चलकर शहडोल संसदीय क्षेत्र में एक नया इतिहास लिखेंगी लेकिन वह इतिहास लिखने में सक्षम नहीं दिखी।आने वाले चुनाव में उनकी विदाई अभी से सुनिश्चित हो चुकी है।रेलवे के मंडल एवं जोनल के काफी सदस्य भी शहडोल संसदीय क्षेत्र में है लेकिन उनकी बातों पर भी उनकी मांगों पर भी बिलासपुर रेल मंडल एवं बिलासपुर जोनल कार्यालय आज तक कोई कार्यवाही नहीं कर पाया क्योंकि शहडोल संसदीय क्षेत्र के लोग शांतिप्रिय हैं जिसका नाजायज फायदा रेलवे ले रहा है। अगर शहडोल संसदीय क्षेत्र एक बार रेलवे लाइन पर बैठ गया और चल रही माल गाड़ियों को रोक दिया तो बिलासपुर से दिल्ली तक हलचल मच जाएगी और रेलवे के आला अफसरों की नींद उड़ जाएगी और आम जनता की मांगों पर तत्काल कार्यवाही हो जाएगी।लेकिन धन्य है शहडोल संसदीय क्षेत्र की जनता जो बिल्कुल चुप्पी साधे हुए हैं जिसके कारण भी रेलवे की मनमानी चरम सीमा पर है। देखना है आने वाले समय में रेलवे क्या फैसला लेता है और शहडोल संसदीय क्षेत्र की जनता भी क्या फैसला लेती है। आवश्यकता है कि रेलवे तत्काल यात्री सुविधाओं पर ध्यान दें और जो भी सुविधा यात्रियों को उपलब्ध कराई जा सकती हैं उसे उपलब्ध कराएं जिससे यात्रियों को आने-जाने में किसी तरह की परेशानी ना हो।इसके साथ ही जो भी ट्रेनें बंद है उन्हें तत्काल चालू किया जाए एवं सभी स्टेशनों पर पूर्व की तरह स्टॉपेज यथावत करते हुए टिकट खिड़की से टिकट की सुविधा प्रारंभ की जाए। एवं जो भी ट्रेन अभी चल रही हैं उनमें बोगी बढ़ाकर यात्रियों को सुविधा दी जाए।

**चल रही ट्रेनों में बोगी जोड़ कर यात्रियों को दी जाए सुविधा**




## विदिशा के पूर्व विधायक के पुत्र सहित छह पर चोरी का मामला दर्ज

**बाड़ी।** विदिशा के पूर्व विधायक गुरुचरण सिंह के पुत्र तेजेंदर सिंह उर्फ बन्नू सहित छह लोगों के खिलाफ सरकारी चना चोरी करने का मामला बाड़ी थाना पुलिस ने दर्ज किया है। पूर्व विधायक की बेटी सुखप्रीत कौर के ग्राम चौपन मढ़ैया स्थित सदगुरु वेयर हाउस से 18 लाख रुपये मूल्य का 30 टन चना चोरी हो गया। जिसे वेयरहाउस से निकलवा कर विदिशा में बेचने का मामला सामने आया है। कौर ने अपने भाई तेजेंद्रर सिंह उर्फ बन्नू व वेयर हाउस के मैनेजर सहित छह लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया है। थाना प्रभारी सत्यप्रकाश सक्सेना ने बताया कि चौपन मढ़ैया गांव में सुखप्रीत कौर का वेयर हाउस है। 20 जनवरी को यहां से चना ट्रक में भरकर उसे विदिशा भेज दिया। शक्ति वेयर हाउस के पास इस चना को खाली करके पांच ट्रॉलियों में भरवाकर उसे विदिशा की मंडी में बेच दिया। कौर ने मैनेजर उमाशंकर शर्मा एवं उसकी टीम के अमित सोलंकी, सतीश राय, वीरसिंह अहिरवार, नितिन शर्मा व तेजेंदर सिंह उर्फ बन्नू सभी निवासी विदिशा के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

**पत्नि की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार**

# नाम आरोपी सोमार साय पण्डो पिता चैतु पण्डो उम्र 35 वर्ष निवासी सारिसताल मनेन्द्रगढ़ थाना

**मनेन्द्रगढ़।** प्रार्थी परमेश्वर पण्डो निवासी सारिसताल थाना मनेन्द्रगढ़ आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 27.01.2022 को उसे सूचना मिली कि फुलबाई घर में मृत अवस्था में पड़ी है । उक्त सूचना से तत्काल पुलिस अधीक्षक कोरिया श्री प्रफुल्ल कुमार ठाकुर का अवगत कराया गया तथा उनके निर्देश पर थाना मनेन्द्रगढ़ टीम घटना स्थल ग्राम सारिसताल के लिये रवाना हुई। घटना स्थल मृतिका का घर था। शव का बारिकी से निरीक्षण किया गया जिसके सिर, कान, नाक, आंख पर चोट के निशान थे। रिपोर्ट के आधार पर थाना मनेन्द्रगढ में अपराध क्रमांक 26/22 धारा 302 भा0द0वि0 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। सम्पूर्ण परिस्थिति से श्रीमान पुलिस अधीक्षक कोरिया श्री प्रफुल्ल कुमार ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मनेन्द्रगढ राकेश कुमार कुर्रे को अवगत कराया गया एवं उनके दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर मृतिका के पति सोमार साय पण्डो पिता चैतु पण्डो उम्र 35 वर्ष से पूछताछ की गई जिसने बताया कि दिनांक 26.01.2022 को दोनो पति-पत्नि शराब का सेवन किये थे रात्रि 9 बजे पति-पत्नि में विवाद हुआ तब मैंने (मृतिका का पति सोनसाय) टांगी बेंट से फुलबाई के साथ मारपीट किया दिनांक 27.01.2022 को रात 3 बजे घर के कीचन रूम में फुलबाई सोई थी जो उठाने से नह उठी, मृतिका फुलबाई की मृत्यु हो चुकी थी। अपराध सबूत पाये जाने से आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में उप निरीक्षक सचिन सिंह थाना प्रभारी, सहायक उप निरीक्षक आर0एन0 गुप्ता, आर0आर0 भगत, आरक्षक रामप्रकाश राजवाडे, शंम्भू यादव, अजय पोया एवं सैनिक 60 विनीत सोनी का सराहनीय योगदान रहा।




## मध्यप्रदेश शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष बी.एल. पनिका उर्फ राजवीर उन्नति की एक और कदम की ओर, देश के नामी ट्रेड यूनियन हिन्द मजदूर सभा (HMS) एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र के कार्यकारी अध्यक्ष बनाये गये

कैलाश अहिरवार

शिवसेना शहडोल संभाग के रीड़ की हड्डी कहे जाने वाले तेज तरार्र मध्यप्रदेश शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष व शहडोल संभाग संगठन के मुख्य मार्गदर्शक बी.एल. पनिका उर्फ राजवीर को उनके दमदार नेतृत्व क्षमता को देखते हुये देश के नामी ट्रेड यूनियन हिन्द मजदूर सभा/कोयला मजदूर सभा (॥स्र्स्), एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र का कार्यकारी अध्यक्ष (Working President) बनाया गया है। अवगत हो कि बी.एल पनिका उर्फ राजवीर अनूपपुर जिले के डूमरकछार झीमर के निवासी हैं तथा उनके SECL मे नौकरी की शुरुआत सन 2012 मे राजनगर कालरी से हुई थी, जो कि स्क्ष्ष्टरु हसदेव क्षेत्र के अन्तर्गत है । शिवसेना मे अनेक पदों मे रहकर जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से श्री पनिका द्वारा निर्वाह किया गया, बृजलाल पनिका को शिवसेना मे शहडोल संभाग मे बेहतर प्रदर्शन और अच्छे कार्यो के लिये भारत सरकार मे रहे शिवसेना कोटे के तत्कालीन केंद्रीय कैबिनेट भारी उद्योग मंत्री श्री अनंत गीते जी द्वारा प्रादेशिक सम्मेलन जबलपुर मे सम्मानित भी किया जा चुका है, आज मजदूर हितो के प्रति लगन और उनके दमदार नेतृत्व क्षमता को देखते हुये देश के नामी ट्रेड यूनियन हिन्द मजदूर सभा/कोयला मज़दूर सभा मे इतना बड़ा दायित्व मिला ये श्री पनिका के लिये बहुत बड़ी उपलब्धि है साथ ही क्षेत्र के लिये गौरव का विषय भी है ।




Reg. No. 3040 — Affi. No. 45
KOYLA MAZDOOR SABHA (HIND MAZDOOR SABHA)
KUSMUNDA AREA
Arun Kumar Jha, General Secretary Kusmunda Area, Add.: B-10, Vikas Nagar, Phone No.: 07815-268584, Mob.: 9479034117, 9926176804
Resham Lal Yadav, President (C)
Nathu Lal Pandey, General Secretary, Member JBCCI
Ref. No. 2022/03 — Date: 23.01.2022

प्रति,
क्षेत्रीय महाप्रबंधक महोदय,
एसईसीएल, कुसमुण्डा क्षेत्र

विषय :- संघ द्वारा श्री बृजलाल पनिका को कोयला मजदूर सभा (HMS) एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र का कार्यकारी अध्यक्ष नामित किये जाने की जानकारी।

महोदय,
श्री बृजलाल पनिका को कोयला मजदूर सभा (HMS) एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र का कार्यकारी अध्यक्ष नामित किया जाता है, श्री बी.एल. पनिका को आवश्यकतानुसार प्रबंधन एवं अन्य एजेंसी के समक्ष मजदूरों की समस्या को उठाने और उसका निराकरण करने हेतु अधिकृत किया जाता है।
आपसे निवेदन है कि पत्र को स्वीकार कर संघ का प्रतिनिधि होने के नाते श्री बृजलाल पनिका को यथोचित सम्मान देने का कष्ट करें।
उपरोक्त संदर्भ में हम आपको वचन देते हैं कि श्री बी.एल. पनिका आपको और आपके विभाग प्रमुखों को उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने में सहयोग प्रदान करेंगे।
अतः आपके अधीनस्थ विभागों को दिशा निर्देश करने का कष्ट करें कि वे भी हमारे संघ के प्रतिनिधि श्री बी.एल. पनिका को ससम्मान आत्मसात करने का कष्ट करें।

भवदीय
अरूण कुमार झा
महामंत्री
कोयला मजदूर सभा (HMS)
एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र

प्रतिलिपिः-
1. क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक, एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र
2. महाप्रबंधक (खनन), एसईसीएल कुसमुण्डा परियोजना
3. समस्त विभाग प्रमुख, एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र/परियोजना
4. अध्यक्ष/महामंत्री (केन्द्रीय), कोयला मजदूर सभा (HMS)
5. अध्यक्ष, कोयला मजदूर सभा (HMS), कुसमुण्डा क्षेत्र
6. संबंधित पदाधिकारी

# सूने मकान से घरेलू सामान चोरी करने वाला 1 गिरफ्तार, 1 फरार।

**खरीददार भी पहुंचा सलाखों के पीछे।**

**झगराखाण्ड पुलिस की कार्यवाही।**

**कोरिया/मनेन्द्रगढ़।** झगराखाण्ड थाना अंतर्गत सूने मकान से चोरी करने वाले 1 आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली है जिससे चोरी का माल भी बरामद हो गया है। मामले में चोरी का माल खरीदने वाला भी पुलिस की गिरफ्त में आ गया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस थाना झगराखाण्ड में 29 जनवरी 2022 को प्रार्थी तेज कांत तिवारी पिता जनार्दन प्रसाद तिवारी उम्र 30 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 08 छिंदी दफाई के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि वह 12 अगस्त 2021 को अपने घर में ताला बंद करके अपने पैतृक गृह ग्राम इलाहाबाद (उत्तर प्रदेश) चला गया था। 29 जनवरी 2022 को जब वह वापस आया तो उसने देखा कि उसके घर का ताला टूटा हुआ है। घर का सामान बिखरा पड़ा है। घर के अंदर जाकर देखा तो घर में रखे दो नग इंडेंन रसोई गैस के सिलेंडर, गैस चूल्हा, रेगुलेटर ,पहनने के कपड़े ,पीतल के बर्तन आदि घर पर नहीं थे। कोई अज्ञात चोर घर का ताला तोड़कर करीब 18000 रुपयों के सामान की चोरी कर ले गया है। प्रकरण के घटनाक्रम की जानकारी पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह एवं एसडीओपी राकेश कुर्रे को थाना प्रभारी प्रद्युमन तिवारी के द्वारा दी गई।

पुलिस अधीक्षक के द्वारा तत्काल प्रकरण दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर चोरी संपत्ति को बरामद करने के निर्देश दिये गये थे। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 457, 380 भादवि के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान विनय सिंह बघेल पिता शमशेर सिंह बघेल जाति राजपूत उम्र 23 वर्ष निवासी वार्ड नं 10 झगराखाण्ड से पूछताछ की गई जिस पर उसने अपने साथी विजय सिंह उर्फ पथरा निवासी झगराखाण्ड के साथ मिलकर घर का ताला तोड़कर घर में घुसकर चोरी करना स्वीकार कर लिया। चोरी का सामान बर्तन आदि सुशील कुमार ताम्रकार पिता स्वर्गीय रमेश प्रसाद ताम्रकार उम्र 54 वर्ष निवासी मनेंद्रगढ़ झगराखाड़ रोड के यहां पर बिक्री करना बतलाया। आरोपी विनय सिंह से चोरी हुआ सामान गैस सिलेंडर, रेगुलेटर, गैस चूल्हा,कपडें,सिगड़ी, आदि बरामद कर लिया गया तथा आरोपी विनय सिंह के निशानदेही पर खरीददार आरोपी सुशील कुमार ताम्रकार के कब्जे से चोरी के खरीदे गये पीतल की गुंडी, परात, स्टील की टंकी, आदि कुल कीमत लगभग 14000 रुपयों का सामान बरामद कर दोनों आरोपियों को प्रकरण में धारा 411, 34 भादवि जोड़कर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजने की कार्यवाही की गई। चोरी के मामले में एक आरोपी अब तक फरार है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रधुम्न तिवारी, प्रधान आरक्षक दिनेश तिवारी, आरक्षक रामायण सिंह, आरक्षक दीप तिवारी की अहम भूमिका रही।



# केल्हारी थाना प्रभारी तेजनाथ सिंह की जबर्दस्त कार्यवाही




**कोरिया।** दिनांक 31/01/2022 को थाना केल्हारी क्षेत्र से प्रार्थिया ने थाना में उपस्थित आकर रिपोर्ट की, कि उसकी नाबालिग लडकी को आरोपी चैनसिंह शादी का झांसा देकर बहला फुसला कर भगा कर अपने घर डोंगरी टोला ले गया, जिसके संबंध में थाना प्रभारी केल्हारी तेजनाथ सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कोरिया श्री प्रफुल्ल कुमार ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति मधुलिका सिंह कोरिया बैकुंठपुर तथा एस डी ओ पी मनेन्द्रगढ श्री राकेश कुमार कुर्रे को घटना के संबंध में अवगत कराते हुये तत्काल थाना में अपराध क्रमांक 10/2022 धारा 363,366 भा द वि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी निरीक्षक तेजनाथ सिंह के द्वारा टीम घटित कर प्रधान आरक्षक शेषनारायण सिंह, आरक्षक दीपक मिंज, सीताराम बारे, प्रदीप साहू, महिला आरक्षक बिनको बहाले व परिजनों को साथ लेकर ग्राम डोंगरी टोला थानगांव थाना बिजुरी जाकर आरोपी चैनसिंह पिता स्वर्गीय जगन्नाथ सिंह गोंड उम्र 19 साल को घर में तलब कर पूछताछ किया गया।उसके कब्जे से नाबालिग पीडिता को उसकी माँ एवं पिता के समक्ष बरामद कर पंचनामा तैयार किया गया। आरोपी को थाना लाकर पूछताछ किया गया नाबालिग पीडिता को उसके परिजनों को सुपुर्दनामा दिया गया। विवेचना पर नाबालिग पीडिता से महिला प्रधान आरक्षक सुमिता थाना चिरमिरी से कथन कराया गया। जो आरोपी चैन सिंह विगत दो माह से नाबालिग पीडिता को शादी करने का झांसा देकर जबरन बलात्कार करना बताई। डॉक्टरी मुलाहिजा हेतु फार्म भरकर महिला आरक्षक बिनको बहाले से शासकीय अस्पताल मनेन्द्रगढ में महिला चिकित्सक से पीडिता की मुलाहिजा कराया गया।आरोपी के विरूद्ध धारा 363,366,376(2)ढ भा द वि एवं पास्को एक्ट की धारा 6 के तहत भलिभांति अपराध स्वरूप पाये जाने से आरोपी चैनसिंह ग्राम डोंगरी टोला थाना बिजुरी को दिनांक 2-2-2022 को गिरफ्तार कर रिमांड पर न्यायालय मनेन्द्रगढ स्टॉफ के जरिए तथा आरोपी को जेल वारंट बनने पर जेल जमा किया।

# थाना पोड़ी नाबालिक बालिका को भगाकर ले जाने एवं शारीरिक शोषण करने वाला तथा उसका सहयोगी आरोपी गिरफ्तार



**कोरिया।** पीड़ित बालिका के परिजनों के द्वारा दिनांक 30 .01.22 को थाना पोड़ी आकर रिपोर्ट दर्ज कराये कि नाबालिग लड़की उम्र 14 वर्ष की 29 .1.22 के शाम से लापता है तलाश करने पर कहीं भी कोई पता नहीं चल रहा है कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण कर ले जाने का संदेह होना बताएं कि घटना की जानकारी थाना प्रभारी पोड़ी उप निरीक्षक सुनील सिंह द्वारा तत्काल पुलिस अधीक्षक कोरिया श्री प्रफुल्ल कुमार ठाकुर को अवगत कराया गया जिनके द्वारा तत्काल बालिका की पतासाजी करते हुए आरोपीयो के विरुद्ध कार्यवाही कर गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किये कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह एवम नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी श्री पी पी सिंह के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में प्रकरण की त्वरित विवेचना करते हुए बालिका एवं आरोपी की पतासाजी की जाती रही प्राप्त सूचना के आधार पर एक टीम बनाकर पता साजी में गौरेला पेंड्रा की ओर भेजा गया टीम द्वारा ग्राम पटेरा टोला गौरेला से घर से गायब हुए बालिका को आरोपी रायसिंह के साथ बरामद किया गया तथा सहयोगी आरोपी निरंजन को मनेंद्रगढ़ के ग्राम पिपरिया से पकड़ा गया पीड़िता ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि रायसिंह से फोन से बातचीत करने पर जान पहचान हुआ था रायसिंह उर्फ राजेश अपने दोस्त निरंजन की मदद से उसे बहला-फुसलाकर भगाकर मोटरसाइकिल से पेंड्रा गौरेला की ओर ले गया था तथा रायसिंह द्वारा शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया गया प्रकरण में आरोपी राय सिंह उर्फ राजेश पिता सुखसेन उम्र 22 वर्ष निवासी मगुरदा थाना मरवाही एवं सहयोगी आरोपी निरंजन पिता समय लाल उम्र 24 वर्ष निवासी तरई गांव थाना गौरेला जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही को धारा 363 366 376(2)(ढ).34 भा द वि एवं 6. 17 पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत प्रकरण में गिरफ्तार किया गया जिन्हें न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया गया संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुनील सिंह प्रधान आरक्षक रामकृपाल सिंह आरक्षक शहबाज अशोक एकका .नियाजउद्दीन एवं साइबर सेल के प्रिंस राय व अन्य शामिल रहे ।

## जबलपुर में यस बैंक के बाहर खड़ी मोपेड से दो लाख रुपये चोरी

**जबलपुर।** माडल रोड स्थित यस बैंक के सामने खड़ी मोपेड की डिक्की में रखे दो लाख रुपये चोरी हो गए। घटना गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे की है। घटना के संबंध में सोहेब अहमद ने बताया कि उसकी नरघइया में बकरम की दुकान है। वह दुकान से दो लाख रुपये नकद व चेक लेकर बैंक गया था। चैक उसे यश बैंक में तथा नकदी दूसरे बैंक में जमा करनी थी। वह यस बैंक पहुंचा। दो लाख रुपये मोपेड की डिक्की में रखे थे। मोपेड खड़ी कर वह यस बैंक के भीतर गया। चैक जमाकर कुछ देर बाद बाहर निकला तो मोपेड की डिक्की में रखे दो लाख रुपये गायब थे। बैंक के सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई तो मोपेड के पास तीन अज्ञात युवक खड़े नजर आए। संभवत~ उन्हीं युवकों ने मोपेड की डिक्की से दो लाख पार कर दिए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। सट्टा खिलवा रहा वृद्ध पकड़ा गया ~ प्रेमनगर नई बस्ती अधारताल निवासी ताराचंद रजक 62 वर्ष को सट्टा खिलवाते हुए पुलिस ने पकड़ लिया। आधारताल पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि ताराचंद शारदा मंदिर के पास सट्टा पट्टी लिख रहा है।


# एसडीएम एवं तहसील कार्यालय खड़गवां के औचक निरीक्षण पर पहुंचे कलेक्टर

## 5 साल से लंबित प्रकरणों पर एसडीएम और रीडर को लगाई फटकार, नोटिस जारी करने के निर्देश





**कोरिया।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बुधवार को विकासखण्ड खड़गवां में एसडीएम एवं तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर ने पहले ही पहुंचकर कार्यालय के प्रकरणों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान 3 साल से 5 साल तक लंबित प्रकरणों पर कलेक्टर ने एसडीएम और रीडर को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि आम जनता उम्मीद से कोर्ट आती है, राजस्व विभाग की जिम्मेदारी है कि प्रकरणों का शीघ्र समयसीमा में निराकरण कर उनकी मदद करें। कलेक्टर शर्मा ने अपने समक्ष कई पुराने प्रकरणों की फाइल का अवलोकन किया, जो लंबे समय से लंबित रही है। धारा 165, 170(ख) जैसे प्रकरणों के निराकरण में देरी पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी जताते हुए एसडीएम खड़गवां और रीडर को नोटिस जारी करने के कड़े



निर्देश दिए। साथ ही 1 सप्ताह के भीतर सुधार लाने के निर्देश दिये। इसी तरह तहसील न्यायालय का भी कलेक्टर ने निरीक्षण किया। उन्होंने शतप्रतिशत प्रकरणों को ई-कोर्ट में ऑनलाइन दर्ज करने के कड़े निर्देश दिए। अविवादित नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत निर्धारित प्रावधानों और समयसीमा में प्रकरण निराकृत हों। समयसीमा से बाहर जाने पर पेनल्टी लगाई जाएगी। खंड स्तर पर आम जन की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करें जिससे उन्हें जिला मुख्यालय तक आने की ज़रूरत ना पड़े। कलेक्टर शर्मा ने कोविड महामारी के दौरान अपने परिजनों को खो चुके परिवार से फ़ोन के जरिये की बात, सहायता राशि मिलने की ली जानकारी एसडीएम एवं तहसील कार्यालय खड़गवां के औचक निरीक्षण पर पहुंचे कलेक्टर श्री शर्मा ने कोविड महामारी के दौरान अपने परिजनों को खो चुके लोगों की जानकारी ली।

एसडीएम खड़गवां ने बताया कि अब तक 17 परिवारों को सहायता राशि प्रदान की गई है और 12 प्रकरण पर प्रक्रिया जारी है। कलेक्टर ने तुरंत ही सूची मंगाई और सूची में शामिल राधेश्याम से मोबाइल के ज़रिए संपर्क कर सहायता राशि मिलने की जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि कोविड से मृत व्यक्तियों के परिजनों को शासन की ओर से सहायता राशि के रूप में 50 हज़ार रुपये की राशि प्रदाय की जा रही है। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत कुणाल दुदावत, अपर कलेक्टर श्री सुखनाथ अहिरवार, एसडीएम एवं तहसीलदार खड़गवां सहित खण्ड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### मनेन्द्रगढ़ में खनिज रेत का अवैध परिवहन करते 03 वाहन और खड़गवां में गिट्टी के अवैध परिवहन पर 01 वाहन पर कार्रवाई, सोनहत में अवैध भण्डारित 200 ट्रैक्टर रेत भी जप्त

**कोरिया।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर अवैध उत्खननकर्ता, परिवहनकर्ता एवं भण्डारणकर्ता के विरुद्ध निरन्तर जारी कार्यवाही में आज मनेंद्रगढ़ में खनि अमला एवं राजस्व विभाग द्वारा तहसील मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, जिसमें खनिज रेत की 03 वाहन को अवैध परिवहन करते पाया गया, उक्त वाहनों पर खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 के तहत कार्यवाही करते हुए, जप्त कर समीपस्थ थाना झगराखण्ड की सुपुर्दगी में दिया गया। इसी प्रकार खनि अमला द्वारा तहसील खड़गवा क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण के दौरान खनिज गिट्टी की 01 वाहन को अवैध परिवहन करते पाया गया। उक्त वाहन को जप्त कर समीपस्थ थाना खडगवा की सुपुर्दगी में दिया गया है। इसके अतिरिक्त तहसील सोनहत क्षेत्र में ग्राम दुमाडांड में लगभग 200 टैक्टर मात्रा 600 घनमीटर खनिज रेत का अवैध भण्डारण श्री अमित विश्वास निवासी खुटनपारा तहसील बैकुण्ठपुर द्वारा किया जाना पाया गया है। जिस पर छग खनिज खनन, परिवहन तथा भण्डारण नियम 2009 के तहत कार्यवाही की जाएगी। खनि अधिकारी श्रीमती त्रिवेणी देवांगन ने बताया कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खननकर्ता एवं परिवहनकर्ता के विरूध्द निरंतर कार्यवाही की जा रही है तथा आगे भी विभाग द्वारा उत्खननकर्ता एवं परिवहनकर्ता के विरूध्द निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी।



## संपादकीय

# पहला स्वतंत्रता संग्राम और भोपाल – सीहोर की शहादत

आज़ादी का अमृत महोत्सव

आज़ादी के अमृत महोत्सव के इस वर्ष में हम याद कर रहे हैं अपने उन क्रांतिकारियों को जिन्होंने भारत माता को आज़ाद करवाने के लिए पहले-पहल क्रांति की ज्वाला प्रज्जवलित की थी। भोपाल से शुरू हुआ आज़ादी के इस पहले संग्राम ने अंग्रेजों के शासन को जोरदार टक्कर दी। मातृभूमि को स्वतंत्र कराने वाले इन वीरों को देश कभी भी भूल नहीं सकेगा। अब से 164 साल पहले यानि 15 जनवरी 1858 को शाम 6 बजे कर्नल हयूरोज ने 149 क्रांतिकारियों को सीहोर कॉन्टिन्जेण्ट में एक लाइन में खड़ा कर गोली मार दी। भोपाल गजेटियर का संदर्भ 149 क्रांतिकारियों को लम्बी लाइन में खड़ा कर गोली मारने की पुष्टिकर्ता है तो सीहोर में जनश्रृति और एक प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र की रिपोर्ट में इस संख्या को 356 बताया गया है। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की कहानी कुछ ऐसी है कि अप्रैल, 1857 में भोपाल बेगम को पत्थर पर लिखकर छपाई गई क्रांति कारियों की (लिथोग्राफ) एक उदघोषणा प्राप्त हुई, जिसमें अंग्रेजों को निकाल बाहर करने और नष्ट करने का आव्हान किया गया था। बेगम ने इस घोषणा में कहीं गई बातें ब्रिटिश एजेन्ट को सूचित कर दी और इस प्रकार अंग्रेजों के प्रति अपनी वफादारी का सबूत दे दिया। जब यह महान क्रांति मई, 1857 में भारत को आन्दोलित करने वाली थी उस समय भोपाल कॉन्टिन्जेन्ट सीहोर मुख्यालय में 60 तोपची, 206 घुड़सवार सैनिक तथा 600 पैदल सैनिक थे, अर्थात् कुल मिलाकर 866 सैनिक थे, जिनमें सभी भारतीय थे। इस कॉन्टिन्जेन्ट के साथ केवल 6 अंग्रेज थे। इस कॉन्टिन्जेन्ट की एक टुकड़ी बेरछा में तैनात की गई किन्तु वहां कमान संभालने वाला एक भी अंग्रेज नहीं था। मेरठ तथा दिल्ली में हुई घटनाओं का समाचार सबसे पहले 13 मई, 1857 को इन्दौर में प्राप्त हुआ। परिणामस्वरूप, विद्रोह के अकस्मात् फैलने की आशंका से कर्नल ड्यूरेन्ड ने 14 मई को सीहोर को भोपाल कान्टिजेन्ट की 2 तोपें, पैदल सैनिकों की 2 कंपनियां तथा घुड़सवारों के दो सैन्य दल भेजने के लिये अत्यावश्यक संदेश भेजा। 20 मई को इन्दौर पहुँचने के लिये सैन्य दल भेज दिया गया और भोपाल क्षेत्र पर आसन्न संकट की छाया छाई रही। पड़ोस में और भारत के अन्य भागों में जो कुछ भी हो रहा था, उससे भोपाल रियासत की प्रजा प्रभावित हुये बिना नहीं रह सकी। मध्य भारत के लिये गर्वनर जनरल के एजेन्ट राबर्ट हैमिल्टन ने भारत सरकार के सेकेट्री को लिखा कि सामान्यतः दिल्ली, लखनऊ तथा रोहिलखंड में जो कुछ भी हो रहा था, उससे भोपाल के अनेक निवासी प्रभावित थे। भोपाल के मुसलमान लोग मुगल सम्राट बहादुर शाह से सहानुभूति रखते थे और हिन्दु लोग नाना साहब पेशवा से सहानुभूति रखते थे। ÷ कैप्टन हुचिन्सन ने यह देखा कि भोपाल के अभिजात लोगों में ईसाई विरोधी तथा अंग्रेज विरोधी भावना बहुत अधिक थी।

# प्रयास तो बहुत हो रहे हैं, मगर आसान नहीं है युवा मतदाताओं को लुभाना

*चुनाव के प्रचार का अंदाज ही नहीं बदला है, बल्कि नेताओं के 'टारगेट कस्टमर' यानि येन केन प्रकारेण जिन्हें लुभाना है, वे भी बदले-बदले से नजर आते हैं। ये चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं कि नई उम्र के मतदाताओं की संख्या काफी हो गई है। इस चुनाव में पांचों राज्यों में ऐसे मतदाताओं की तादाद 24.9 लाख है, जो पहली बार वोट डालेंगे। इनके अलावा युवा कहे जा सकने वाले मतदाताओं की भी एक बड़ी संख्या है। अकेले उत्तराखंड में करीब 57 प्रतिशत युवा मतदाता हैं और उ.प्र. में यह संख्या लगभग 26 प्रतिशत है।*

**विधानसभा** चुनावों की घंटी बजने के बाद तमाम तरह के जोड़तोड़ सामने आये हैं। अधिकांश प्रमुख दलों के उम्मीदवारों की सूचियां जारी हो रही हैं। इस सबके बीच निर्वाचन आयोग के फैसलों के मद्देनजर राजनीतिक दल चुनाव प्रचार में वर्चुअल माध्यमों का उपयोग कर रहे हैं। आजादी के बाद ऐसा पहली बार हो रहा है, जब मतदान के पहले चरण के इतना नजदीक आने के बाद भी सियासी दल भीड़ जुटाने की कवायद में नहीं जुटे हैं। चाहे या अनचाहे फिलहाल तो रैलियों की जगह डिजीटल मीडिया से काम चलाया जा रहा है। बिल्कुल उसी तरह जैसे लॉकडाउन के दौरान आम लोगों ने बाजार की चाट की जगह घर की दाल रोटी से काम चलाया था। चुनाव के प्रचार का अंदाज ही नहीं बदला है, बल्कि नेताओं के 'टारगेट कस्टमर' यानि येन केन प्रकारेण जिन्हें लुभाना है, वे भी बदले-बदले से नजर आते हैं। ये चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं कि नई उम्र के मतदाताओं की संख्या काफी हो गई है। इस चुनाव में पांचों राज्यों में ऐसे मतदाताओं की तादाद 24.9 लाख है, जो पहली बार वोट डालेंगे। इनके अलावा युवा कहे जा सकने वाले मतदाताओं की भी एक बड़ी संख्या है। अकेले उत्तराखंड में करीब 57 प्रतिशत युवा मतदाता हैं और उ.प्र. में यह संख्या लगभग 26 प्रतिशत है। राजनीतिक दलों के रणनीतिकार जानते हैं कि युवाओं को पकी हुई उम्र के तमाम मतदाताओं की तरह आसानी से कोई मीठी या कड़वी गोली देकर अपने पक्ष में करना आसान नहीं है।

वोटर की उम्र और विचारों में आया अंतर गहरी राजनीति समझ रखने वालों की बेचैनी का कारण भी बन रहा है। हर चुनाव में वोट डालतेदृडालते उम्र के पायदान चढ़ने वाले मतदाताओं से युवा मतदाताओं की सोच एकदम अलग है। अधिकांश युवा किसी के परम्परागत वोटर तो नहीं ही हैं। यह नई पीढ़ी चाशनी में लिपटे शब्दों की मिठास और लुभावने वादों से कहीं ज्यादा अहमियत तर्कों और नतीजों को देती है। केवल नारे और वायदे सुनकर सुनहरे कल के दिवास्वपन में खो जाने की उम्मीद तो ऐसे वोटरों से अनुभवी राजनेताओं को भी नहीं ही होगी। जातिगत और क्षेत्रीयता से जुड़ी बातें ऐसे अधिकांश शिक्षित युवा वोटरों के लिए संकीर्णताओं से ज्यादा कुछ नहीं हैं। युवाओं को प्रलोभन भी ज्यादा नहीं लुभाते। यह वो उम्र है, जब बेफिक्री और अल्हड़ मस्ती वाले बचपन व किशोरोवस्था को पीछे छोड़ आये युवाओं को भविष्य की चिंताएं सताने लगती हैं। टेबलेट, लैपटॉप या ऐसी किसी चीज का मोह तो कुछ को जरूर हो सकता है, लेकिन युवाओं की दिलचस्पी भविष्य संवारने वाले हालात और उनसे जुड़ी नीतियों में ज्यादा नजर आती है। नौकरी ही नहीं



होगी, तो इन सबका क्या करेंगे? अधिकांश युवा सामान बांटने वाली राजनीति के बजाय आगे बढ़ाने और रोजगार के नए अवसर पैदा करने की उम्मीद जगाने वालों को पसंद करें, तो किसी को हैरत नहीं होनी चाहिए। आंखों में आत्मनिर्भरता के सपने संजोने वाले युवाओं को केवल सामान बांटकर या बांटने का वायदा करके लुभाना आसान

■ **उत्तराखंड में करीब 57 प्रतिशत युवा मतदाता हैं और उ.प्र. में यह संख्या लगभग 26 प्रतिशत है।**

नहीं है। युवाओं की सबसे बड़ी चिंता उनके भविष्य और रोजगार से जुड़ी हुई है। धर्म, जाति, क्षेत्र जैसी आपस में दूरी पैदा करने वाली भावनाओं को भड़काकर उन्हें उनकी असल चिंता से अलग करने की सोच भी बेमानी लगती है। इन वोटरों से कुछ भी छिपाना आसान नहीं है। कोई दावा हो या कमेंट, आई.टी. में अच्छा खासा दखल रखने वाले युवा खूब जानते हैं कि उसकी सच्चाई को कैसे जांचा परखा जाता है। लिहाजा, इन्हें लुभाने के लिए बहुत सोच समझ कर बोला गया झूठ भी ज्यादा देर टिक सकेगा, यह सोचना इनकी काबलियत को कम करके आंकने जैसा होगा। आरोप-प्रत्यारोप और कीचड़ उछालने वाली राजनीति भी नए मतदाताओं को आकर्षित नहीं करती। सच तो ये है कि नई पीढ़ी, राजनीति को केवल देख-सुन ही नहीं रही है, बल्कि इसे परख भी रही है। कौन कितना गिर रहा है और अपने फायदे के लिए कौन कितना गिर सकता है, यकीन मानिये नई पीढ़ी इसका अपने तरीकों से आंकलन भी करती है। ये मैजिक बुलेट थ्योरी वाले कम्युनिकेशन का दौर नहीं है। अब यह सोचना भी आश्चर्यजनक लगता है कि किसी दौर में सूचनाएं या सच जानने का केवल एक या दो साधन ही होता होगा, अब हर सूचना को जानने परखने के साधनों का अम्बार लगा हुआ है। जो सूचना किसी माध्यम से परोसी जाती है, उसका सच सामने लाना भी नई पीढ़ी जानती है और जो सच किसी दूसरे मुलम्मे में छिपा दिया जाता है, उसे बेपर्दा करने का हुनर भी इन्हें खूब आता है। नई पीढ़ी को फिजा में घोला जाने वाला जहर भी ज्यादा प्रभावित नहीं करता है। भारी भरकम सर्वे या इमेज बिल्डिंग के विशेषज्ञों के पैंतरे भी युवाओं को भेड़ा चाल के लिए प्रेरित नहीं करते। युवा सोच को समझने वाले बाखूबी जानते हैं कि उन्हें प्रभावित करने का काम केवल भरोसा जीतकर किया जा सकता है। शिक्षित और साफ-सुथरे उम्मीदवारों, भरोसा पैदा करने वाली नीतियों और नयापन अपनाने वाली सोच उन्हें प्रभावित करती है। आज का युवा घर की चाहरदीवारी में रहकर भी पूरी दुनिया से जुड़ा हुआ है। उसे दकियानुसी या कुएं को मेढक समझ लेना किसी भी दल या उम्मीदवार को बहुत महंगा पड़ सकता है। उद्योग, आई.टी. और दूसरे सैक्टरों में बुनियादी ढांचे के विकास से युवाओं के सपने जुड़े हैं, इन्हें नजरअंदाज करके और दागों को धो-पोंछकर युवाओं का दिल जीतना आसान नहीं होगा।

# भाजपा के पास हासिल करने को नहीं, खोने को है बहुत कुछ

■ **उत्तर प्रदेश विधान सभा के लिए प्रथम चरण का मतदान 10 फरवरी को होगा।**

उत्तर प्रदेश विधान सभा के लिए प्रथम चरण का मतदान 10 फरवरी को होगा। प्रथम चरण में पश्चिमी यूपी के 11 जिलों में मतदान होना है। सभी दलों ने पूरी ताकत झोंक रखी है। अमित शाह, योगी आदित्यनाथ, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, अखिलेश यादव, जयंत चौधरी से लेकर तमाम छोटे-बड़े नेताओं ने पूरे पश्चिमी यूपी को एक तरह से मथ दिया है। राजनैतिक पंडित और बुद्धिजीवी भली भांति जानते हैं कि पश्चिम से जिस भी राजनैतिक दल की बयार बहेगी, उसका असर दूर तक जाएगा और उसी का बेड़ा पार हो जाएगा। यही कारण है कि सभी ने अपने-अपने तरकश के तीरों को और पैना कर पश्चिमी यूपी में छोड़ दिया है। पहले चरण में 11 जिलों शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, नोएडा,



बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, और आगरा की 58 सीटों पर मतदान होगा। पहले चरण में शामिल 58 सीटों पर कुल 810 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किये थे, इनमें से 658 नामांकन सही पाये गये। नामांकन पत्रों की जांच में सबसे ज्यादा 19 उम्मीदवार आगरा की बाह सीट पर हैं। इसके बाद 18 उम्मीदवार मुजफ्फरनगर सीट पर तो मथुरा सीट पर 15 उम्मीदवार मैदान में हैं। 2017 के विधानसभा चुनाव में इस क्षेत्र में भाजपा की प्रचंड लहर चली थी। बस पांच सीटें ऐसी रह गई थी जिन पर भाजपा के विजयी रथ को रोक लिया गया था। पहले चरण में जिन जिलो में मतदान होना है वहां जयंत चौधरी और अखिलेश यादव के गठबंधन की भी परीक्षा होगी। जिन जिलों में मतदान होना है उसे रालोद का गढ़ माना जाता है। इन जिलों में रालोद को काफी उम्मीदें भी हैं। सपा के गठबंधन के बाद यदि जाट-मुस्लिम समीकरण कारगर हुआ तो गठबंधन का फायदा हो सकता है। इस बार प्रथम चरण में कई दिग्गज और बाहुबली नेताओं का भविष्य दांव पर है। दिग्गज नेताओं की बात की जाए तो इसमें मृगांका सिंह (बीजेपी) कैराना, सुरेश राणा (बीजेपी) थानाभवन, संगीत सोम(बीजेपी)सरधना, पंकज सिंह (बीजेपी) नोएडा, पंखुड़ी पाठक (कांग्रेस) नोएडा, अवतार सिंह भड़ाना (आरएलडी) जेवर, संदीप सिंह (बीजेपी) अतरौली, श्रीकांत शर्मा (बीजेपी) मथुरा, बेबी रानी मौर्या (बीजेपी) आगरा ग्रामीण शामिल हैं, वहीं बाहुबली नेताओं में मदन भैया (आरएलडी) लोनी विधानसभा क्षेत्र, नाहिद हसन (सपा) कैराना, योगेश वर्मा (सपा) हस्तिनापुर हैं जिनके हारने व जीतने के कई सियासी मायने होंगे।

# सदियों पुरानी है ग्वालियर की सांगीतिक विरासत

**भोपाल।** भारतीय शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में ग्वालियर की सांगीतिक विरासत सदियों पुरानी हैं। कलाप्रिय राजा मानसिंह तोमर के शासनकाल या संभवतः उससे पहले ही आरंभ हुए ÷ग्वालियर घराने ने देश को ब्रम्हनाद के एक से एक बड़े साधक दिए हैं। संगीत मनीषी बैजू बावरा, कर्ण और महमूद जैसे ग्वालियर के महान संगीताचार्यों से राजा मानसिंह की राजसभा सुशोभित रहती थी। वहीं मुगल बादशाह अकबर के दरबार में भी राजा मानसिंह की संगीत टकसाल से निकले संगीत शिरोमणि तानसेन सहित अन्य मूर्धन्य गान मनीषियों के संगीत का जादू छाया रहता था। ग्वालियर की सांगीतिक परंपरा के तमाम प्रमाणों से ऐतिहासिक ग्रंथ भरे पड़े हैं। आइन-ए-अकबरी में अबुल फज़ल ने लिखा है कि मुगल बादशाह अकबर की छत्तीसी में जो 36 महान संगीतकार शामिल थे, उनमें तानसेन सहित 16 संगीतकार ग्वालियर के थे। अबुल फज़ल लिखते हैं कि कंठ संगीत में अद्वितीय तानसेन अकबर दरबार में संगीत विभाग के प्रमुख थे। उनके जैसा गायक हिन्दुस्तान में पिछले हजार वर्षों में कोई दूसरा नहीं हुआ। अकबर की छत्तीसी में तानसेन के अलावा ग्वालियर के जो




संगीतकार सुशोभित थे उनमें बाबा रामदास, सुभान खाँ, मियाँ चाँद (तानसेन का शिष्य), विचित्र खाँ, वीर मण्डल खाँ, शिहाब खाँ, सरोद खाँ, मियाँ लाल, तानतरंग (तानसेन का पुत्र), नायब चर्चू, प्रवीण खाँ, सूरदास, चाँद खाँ एवं रंग सेन शामिल हैं। ग्वालियर के सांगीतिक वैभव के बारे में तमाम इतिहासकारों ने शिद्दत के साथ लिखा है। उर्दू इतिहासकार फरिस्ता ने ग्रंथ तारीख-ए-फरिस्ता में लिखा है कि ग्वालियर में संगीत का प्रादुर्भाव मालचंद द्वारा भी किया गया। मालचंद के बारे में किवदन्तियाँ प्रचलित हैं, कि वह दक्षिण भारत के शास्त्रीय संगीत को ग्वालियर लाया। मालचंद ने लंबे समय तक ग्वालियर में साधना की।

# गायों को चाहिए रोज 80 रुपये का आहार, मिलते हैं मात्र 20 रुपये अनुदान

**रायसेन।** गोशालाओं में गाय भूखे पेट रखने को मजबूर हैं। गाय को भरपूर दाना-भूसा के लिए करीब अस्सी रुपये प्रतिदिन की जरूरत होती है, जबकि शासन की ओर से मात्र बीस रुपये दिए जा रहे हैं। पशु चिकत्सकों की मानें तो दूध देने वाली देसी गाय को प्रतिदिन दो किलो पौष्टिक दाना और दस किलो भूसा या हरा चारा आहार की आवश्यकता होती है। जबकि बिना दूध देने वाली गाय को जीवित रहने के लिए प्रतिदिन एक किलो दाना व पांच किलो भूसा या हरा चारा खिलाना जरूरी है। वर्तमान में भूसा के दाम 15 रुपये प्रति किलो और दाना बीस रुपये किलो है। इसके अलावा हरवाहे- चरवाहे, हवा-पानी, साफ-सफाई, हौज-शेड इत्यादि व्यवस्थाओं का खर्च अलग है। एक और हैरत करने वाली बात यह भी है कि शासन की ओर से वर्ष में चार बार ही गोशालाओं को अनुदान राशि दी जाती है। यानी प्रतिदिन गायों को आहार व रखरखाव की व्यवस्था संचालकों को



अपने संसाधनों से करना पड़ती है। जहां समाजिक संगठनों का सहयोग मिल रहा है वहां तो संचालक गो संरक्षण का दंभ भरते हैं, लेकिन जहां जनसहयोग नहीं है वहां के गोशाला प्रबंधक हांफते हुए नजर आते हैं।

## जिले में 34 गोशालाएं संचालित

जिले भर में मनरेगा के तहत 15 और सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से 17 गोशालाएं संचालित हैं। इनमें राधेशयाम गोशाला कचनारिया सांची में 102 गोवंश, जयलक्ष?मी गोशाला समित मूलगांव सांची 211, वृंदावन कामधेनु गोशाला गढ़ी गैरतगंज 795, शा. नंदनी गोशाला टेकापार मरखेड़ा गुलाब बेगमगंज 233, शा. गोपाल कृष्ण गोशाला गोपालपुर माला बेगमगंज 295, शा. श्रीकृष्ण गोशाला उचेरा जमुनिया सिलवानी 526, माखनचोर गोशाला समिति सियरमउ सिलवानी 295, गोकुलधाम गोशाला सिलारी खुर्द तिखावन उदयपुरा 145, कमल किशन गोसेवा समिति अमरावत बनखेड़ी रायसेन 281, श्रीकृष्ण गोसेवा समिति गंजबाजार रायसेन 171, बृजमोहन रामकली गोसंरक्षण केंद्र हलाली डैम रायसेन 949, श्रीगोपाल कृष्ण गोशाला समिति ग्राम मेहगांव 235, गोपाल गोशाला भादनेर सांची, 156, दौलतराम गोशाला समिति घाना गैरतगंज 350, दयोदय जीवरक्षा एवं पर्यावरण संस्थान गांधी बाजार बेगमगंज 1255, गोपाल कृष्ण गोरक्षा संवर्धन समिति नारायणपुर बेगमगंज 413, सर्वोदय पशु संरक्षण समिति बुधद्वारा सिलवानी 179, श्री शिव पंचायतन मंदिर गोवंश रक्षक समिति ग्राम बापोली 157,, विद्यासागर गोशाला शांतिनगर भोजपुर 178, कामधेनु सेवा संरक्षण एवं संस्थान इमलिया गौहरगंज, श्रीकृष्ण गोपाल गोरक्षण एवं संवर्धन समिति डुगरिया में 404 गोवंश मौजूद हैं।

# घर-घर चलो अभियान के साथ मैदान में उतरी कांग्रेस, सदस्यता बढ़ाएंगे

**सुल्तानगंज।** भाजपा के बूथ विस्तार योजना को टक्कर देने के लिए कांग्रेस भी मैदान में उतर आई है। एक फरवरी से कांग्रेस के घर चलो घर-घर चलो अभियान की शुरूआत कस्बा सुल्तानगंज के समीप सिद्ध शिव धाम मढ़ भटुआ मंदिर से पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय मसानी, जिला संगठन प्रभारी शैलेंद्र पटेल पूर्व विधायक एवं जिला अध्यक्ष देवेंद्र पटेल के नेतृत्व में की है। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मसानी ने कार्यकर्ताओ को बताया प्रदेश में सरकार रहते जनता के हित में लिए गए निर्णय के बारे में लोगों को जागृत करें। भाजपा की नाकामियों को जनता के सामने रखें। कांग्रेस ऐसी पार्टी है जिसमें कार्यकर्ताओं को मान-सम्मान मिलेगा। जिला संगठन प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इसमें कांग्रेस सदस्यता अभियान भी चल रही है। जिसमें पांच रुपये लेकर सदस्य बनाए जा रहे हैं। 28 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान में कार्यकर्ता पार्टी का झंडा और गांधी टोपी लगाकर मोहल्लों में घूम रहे हैं। गांवों में जाकर कांग्रेस सदस्यों के घर पर स्टीकर लगाए जा रहे हैं। सभी पदाधिकारियों ने पांच पोलिंग बूथों का दौरा किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।









## पुलिस ने घेराबंदी कर 70 हजार की अवैध शराब व जीप जब्त की

**बेगमगंज।** क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है। पुलिस इस पर अंकुश लगाने का भरसक प्रयास कर रही है। ऐसे ही सुल्तानगंज पुलिस को मुखबिर की सूचना मिलने पर घेराबंदी कर एक बिना नंबर की कार को पकड़ने में सफलता हासिल की है जिसमें करीब 70 हजार रुपये की शराब जब्त की है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली की एक सफेद रंग की बिना नम्बर के चारपहिया वाहन में नन्ही देवरी के सुरेन्द्र राजपूत ने शराब भर कर रखी है जो अपने साथियों के साथ सुनवाहा रोड से लेकर जा रहा है। तत्काल अधिकारियों को सूचित करने के उपरांत थाना प्रभारी विमलेश राय, प्रधान आरक्षक राहुल मिश्रा, आरक्षक संजय देवल, कमलेश यादव, मनोज दांगी, चालक दीपक विश्वकर्मा की टीम बनाकर सुनवाहा मार्ग पर पुल के आगे शासकीय वाहन से नाका बंदी कर मुखबिर के बताए वाहन बिना नम्बर की जीप के आने का इंतजार किया। जो कुछ देर बाद आती हुई देखी और पुलिस को देखकर चालक उसे मुड़कर भागने लगा तो थाना मोबाइल एवं हमराह स्टाफ के पीछा कर घेराबंदी करके उक्त जीप को रोका। जिसमें से एक युवक मौके का फायदा उठा कर गिरते पड़ते भागा जिसे हमराह बल ने दौड़ कर पकड़ने का प्रयास किया। किन्तु वह भागने में सफल हो गया। जीप चालक दिनेश पिता राम कुमार लोधी उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम चतुरभट्टा, थाना सुरखी जिला सागर को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में चालक ने बताया कि उक्त बिना नम्बर की जीप और उसमें रखी शराब सुरेन्द्र राजपूत और संजय उर्फ सुजय राजपूत की है। भागने वाले का नाम विश्ववीर राजपूत बताया है। उक्त शराब वे संजय उर्फ सुजय राजपूत के घर नन्ही देवरी पहुंचाने के लिए ले जा रहे थे। जीप में 10 पेटी देशी मदिरा मसाला एवं 4 पेटी देशी मदिरा प्लेन कुल 14 पेटी शराब प्रत्येक पेटी में 180–180 मिली के 50–50 क्वार्टर कुल 700 क्वार्टर 126 लीटर कीमत करीब 70 हजार रुपये बरामद की है। आरोपित संजय उर्फ सुजय राजपूत उम्र करीब 45 वर्ष निवासी नाहर मोड़ नन्ही देवरी थाना केसली जिला सागर, दिनेश पिता राम कुमार लोधी उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम चतुरभट्टा थाना सुरखी जिला सागर के विरुद्ध धारा 34त2 आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## सांची ब्लाक कार्यकर्ताओं ने अभियान शुरू किया

**सलामतपुर।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी सांची एवं युवा कांग्रेस कमेटी सांची की ओर से पार्टी के घर–घर चलो अभियान की शुरूआत ग्राम बागौद से की। घर– घर जाकर लोगों से संपर्क कर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से अवगत कराया। अनेक लोगों को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलवाई गई। जिसमें मुख्य रूप से हेमराज लोधी, रामबाबू यादव, बलवंत राजपूत, युवा कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष सुमित सिंह राजपूत, सलामतपुर नगर अध्यक्ष विजय मीणा, आनंद यादव, मनोज अहिरवार सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।
















## न्यूज कर्नर

### अमिताभ बच्चन की 'झुंड' 4 मार्च को सिनेमाघरों में देगी दस्तक




अमिताभ बच्चन की बहुतप्रतीक्षित फिल्म की रिलीज डेट का आखिरकार एलान हो गया है। 'झुंड' 4 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। COVID के कारण कई बार मेकर्स को फिल्म की रिलीज की डेट पोस्टपोन करनी पड़ी। लेकिन अब आखिरकार फैंस का इंतजार खत्म हो गया है।

#### अमिताभ ने दी जानकारी

अमिताभ ने फिल्म को नया पोस्टर साझा करते हुए लिखा- इस टोली से मुकाबला करने के लिए रहो तैयार, हमारी टीम आ रही है... झुंड आपके नजदीकी सिनेमाघर में रिलीज होगी। यह फिल्म नागराज पोपटराव मंजुले के हिंदी निर्देशन की पहली फिल्म है। उन्हें मराठी ब्लॉकबस्टर फिल्म सैराट और फैंड्री के लिए जाना जाता है।

#### विजय बरसे की कहानी पर आधारित है फिल्म

झुंड को लेकर कई बार ओटीटी रिलीज की बातें में सामने आ चुकी है। झुंड की कहानी स्लम सॉकर फाउंडेशन के संस्थापक और कोच विजय बरसे की कहानी पर आधारित है। वह अखिलेश पॉल के कोच भी थे, जो स्लम सॉकर बने थे।

### कोरोना संक्रमित होने के बाद अस्पताल में भर्ती हुईं ऐश्वर्या रजनीकांत



रजनीकांत की बेटी ऐश्वर्या की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई है। मंगलवार को ऐश्वर्या ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा करते हुए अपने प्रशंसकों को इस बात की जानकारी दी है। ऐश्वर्या ने अस्पताल से अपनी तस्वीर साझा करते हुए लिखा, सभी सावधानियां बरतने के बावजूद मेरी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है .. भर्ती कराया गया। कृपया मास्क लगाएं, टीका लगवाएं और सुरक्षित रहें। 2022 आ जाओ। देखते हैं तुम्हारे पास मेरे लिए और क्या-क्या है। ऐश्वर्या के पोस्ट अपलोड करने के बाद से ही उनके दोस्त और प्रशंसक उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। ऐश्वर्या ने पिछले महीने अभिनेता धनुष से अलग होने की घोषणा करते हुए अपने प्रशंसकों का दिल तोड़ दिया था। दोनों ने सोशल मीडिया पर एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि वे अपनी 18 साल की शादी को खत्म कर रहे हैं।

# राकेश बापट से पहले इस शादीशुदा एक्टर संग जुड़ा शमिता शेट्टी का नाम



शमिता शेट्टी का आज जन्मदिन है। हाल ही में बिग बॉस 15 का हिस्सा रहीं शमिता ने साल 2000 में यश चोपड़ा की फिल्म मोहब्बतें से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म में उनकी एक्टिंग को पसंद किया गया, लोगों को लगा कि शमिता आगे कई फिल्मों में दिखाई देंगी लेकिन ऐसा हुआ नहीं। उनका फिल्मी करियर कुछ खास नहीं रहा।

#### शिल्पा शेट्टी की बहन के नाम से पहचानी गईं

शमिता का जन्म मंगलूरु में हुआ था। उनकी पढ़ाई सेंट एंथोनी गर्ल्स हाईस्कूल से हुई है। इसके बाद उन्होंने सीडेनहम कॉलेज मुंबई से अपना ग्रेजुएशन पूरा किया। अपनी पहली फिल्म के लिए शमिता को आइफा बेस्ट डेब्यू एक्ट्रेस के अवॉर्ड से नवाजा गया था। शमिता शेट्टी को बॉलीवुड में एक अरसा हो गया है लेकिन वो यहां अभिनेत्री न होकर, शिल्पा शेट्टी की बहन बनकर रह गईं।

#### मनोज बाजपेयी संग जुड़ा नाम

मीडिया रिपोर्ट्स ने शमिता शेट्टी और मनोज बाजपेयी के बीच अफेयर की खबरें भी खूब उड़ाईं। 'फरेब' और 'बेवफा' फिल्म में शमिता शेट्टी मनोज बाजपेयी के साथ नजर आई थीं। शादीशुदा एक्टर के साथ अफेयर होने पर वो विवादों से घिर गई थीं। ये तक कहा गया कि कि मनोज बाजपेयी से शादी ना हो पाने के कारण ही शमिता ने किसी और से शादी नहीं की। हालांकि दोनों ने इसपर कभी कुछ नहीं कहा। इसके अलावा शमिता के हरमन बावेजा और आफताब शिवदासानी के साथ भी अफेयर के चर्चे रहे हैं।

#### राकेश बापट संग रिलेशन में हैं शमिता

शमिता ने अभी तक शादी नहीं की है। बिग बॉस ओटीटी में उन्हें राकेश बापट का साथ मिला था, घर से बाहर आने के बाद दोनों ने अपना रिलेशन कंफर्म किया। शमिता जब दोबारा बिग बॉस में गई तो राकेश ने उनका पूरा साथ दिया। आज शमिता के जन्मदिन पर राकेश बापट ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शमिता शेट्टी के साथ फोटोज शेयर की हैं। फोटो के साथ राकेश बापट ने शमिता के लिए अपने प्यार का खुलकर इजहार किया है। राकेश ने कैप्शन में लिखा, हैप्पी बर्थडे लव शमिता शेट्टी।

#### टीवी शोज भी किए

हिंदी फिल्मों के अलावा शमिता ने कई तमिल और तेलुगु फिल्मों में भी काम किया है। इतना ही नहीं बिग बॉस, झलक दिखला जा और खतरों के खिलाड़ी जैसे शोज भी किए हैं। बिग बॉस 15 में शमिता शेट्टी चौथे नंबर पर रहीं।

## दुखद: 60 मंजिला बिल्डिंग से गिरकर हुई मिस यूएसए चेस्ली क्रिस्ट की मौत, हरनाज संधू ने दी श्रद्धांजलि

मिस यूएसए 2019 रही चेस्ली क्रिस्ट का रविवार को निधन हो गया। 30 वर्षीय चेस्ली क्रिस्ट की न्यू यॉर्क सिटी की एक 60 मंजिला बिल्डिंग से गिरकर मौत हो गई। चेस्ली के अचानक हुए निधन से हर कोई स्तब्ध है। मिस यूएसए 2019 रही चेस्ली क्रिस्ट का रविवार को निधन हो गया। 30 वर्षीय चेस्ली क्रिस्ट की न्यू यॉर्क सिटी की एक 60 मंजिला बिल्डिंग से गिरकर मौत हो गई। चेस्ली के अचानक हुए निधन से हर कोई स्तब्ध है। इसी बीच मिस यूनिवर्स 2021 का खिताब अपने नाम करने वालीं हरनाज संधू ने भी चेस्ली के निधन पर एक भावुक नोट लिखा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर चेस्ली को श्रद्धांजलि देते हुए इसे दिल तोड़ने वाली खबर बताया।



## नवाजुद्दीन सिद्दीकी की पार्टी में कंगना ने लूट ली महफिल

**बॉलीवुड** इंडस्ट्री में अपनी मेहनत से मकाम पाने वाले अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने मुंबई में हाल ही में अपने सपनों का आशीयाना बनाकर तैयार किया है। अपने घर को नवाज ने नवाब नाम दिया है। हाल ही में एक्टर ने नए घर की खुशी में एक पार्टी होस्ट की, जिसमें इंडस्ट्री से उनके कई दोस्त और स्टार्स शामिल हुए। इन सेलेब्स की लिस्ट में कंगना रणौत का नाम भी शामिल है।

#### चांद सी सुंदर लगी कंगना

विरल भयानी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर नवाजुद्दीन की इस पार्टी का एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में नवाज के साथ कंगना और अवनीत कौर फोटोग्राफर्स को पोज देती हुई नजर आ रही हैं। कंगना सफेद रंग की साड़ी पहने ऐसी लग रही थीं मानों जैसे धरती पर चांद उतर आया हो। पार्टी के दौरान कंगना का ड्रेसिंग सेंस एक दम यूनिक था। उन्होंने अपना लुक



कंप्लीट करने के लिए साड़ी के साथ सफेद रंग का ही नेकलेस और सैंडल पहनी थी। साथ ही उन्होंने लाल रंग की लिपस्टिक लगा रखी थी। कंगना इस लुक में बहुत सुंदर लग रही थीं।

#### फैंस कर रहे जमकर कमेंट

लोगों को कंगना का ये लुक इतना पसंद आ रहा है कि फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक सोशल माडिया यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा,कंगना आप इस लुक में स्टनिंग लग रही हैं। एक अन्य ने लिखा, वाह नवाज भाई, आपने अपनी पार्टी में कंगना को इनवाइट किया। एक ने तो कंगना को चांदनी बुलाया।

**नवाज और अवनीत साथ करेंगे काम:** अभिनेता नवाज जल्द ही टीवी कलाकार अवनीत कौर के साथ अपनी आगामी फिल्म टीकू वेड्स शेरू में दिखाई देने वाले हैं। इस फिल्म को साई कबीर द्वारा निर्देशित किया जा रहा है।



# करोड़ों की जमीन और आलीशान घर के मालिक हैं निरहुआ, कभी साइकिल खरीदने के भी नहीं थे पैसे

*भोजपुरी एक्टर, सिंगर और राजनेता दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ का आज जन्मदिन है। निरहुआ का जन्म 2 फरवरी 1979 को यूपी के गाजीपुर में हुआ था। निरहुआ आज अपना 42वां जन्मदिन सेलिब्रेट कर रहे हैं।*

आज निरहुआ के पास वो सबकुछ है जिसका कभी उन्होंने सपना देखा था। एक्टर ने अपने करियर की शुरुआत एक सिंगर के तौर पर की थी और आज वो एक गायक, एक्टर और राजनेता के रूप में अपनी पहचान विश्व भर में बना चुके हैं। जवानी के दिनों में निरहुआ ने कोलकाता में मजदूरी का काम भी किया। 2003 में निरहुआ का पहला एलबम रिलीज हुआ जिसका नाम था निरहुआ सटल रहे। इस एलबम ने उनकी किस्मत बदल दी। हमको ऐसा वैसा न समझो से साल 2006 में निरहुआ ने अपना एक्टिंग करियर शुरू किया। इसके बाद चलत मुसाफिर मोह लियो रे से भी निरहुआ को पहचान मिली। साल 2008 में आई फिल्म निरहुआ रिक्शा वाला ने भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में धमाल मचा दिया। 2010 तक निरहुआ कई बड़ी फिल्मों का हिस्सा रहे। भोजपुरी जगत में लोहा मनवा चुके दिनेश लाल यादव बिग-बॉस के छठे सीजन में भी भाग भी लिया। निरहुआ की 50वीं फिल्म निरहुआ हिंदुस्तानी (2014) सुपरहिट हिट थी। इसने कमाई के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। उन्होंने पटना से पाकिस्तान (2015) और बॉर्डर (2018) जैसी देशभक्ति फिल्में भी की हैं, जोकि भोजपुरी की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भोजपुरी फिल्मों में से एक हैं। निरहुआ खूब लाइमलाइट में रहते हैं लेकिन उनकी पत्नी और परिवार लाइमलाइट से बेहद दूर रहता है। निरहुआ की पत्नी मनसा देवी हाउस वाइफ हैं। बताया जाता है कि निरहुआ की शादी साल 2000 में ही हो गई थी। उनकी पत्नी बच्चों के साथ मुंबई में ही रहती हैं।

मुझे लोन चाहिए, बजट में क्या मिला

# होम लोन महंगा हो सकता है, छूट बढ़ाने पर कुछ नहीं कहा




**नई दिल्ली।** बजट 2022 में लोन को लेकर कुछ नहीं कहा गया है। जाने माने अर्थशास्त्री स्वामीनाथन अय्यर का कहना है कि यह हाई रिस्क बजट है। यानी इन्फ्लेशन (मुद्रास्फीति) बढ़ती है तो फिर महंगाई बढ़ना तय है। भारत में अभी थोक मूल्य इन्फ्लेशन 14 फीसदी है। यह अगले एक दो साल में और भी बढ़ सकती है। यदि ऐसा होता है तो महंगाई बढ़ना तय है। यानी बैंक भी लोन पर अधिक ब्याज लगा सकते हैं। यह होम लोन सहित हर तरह के लोन पर लागू होना तब घर खरीदना भी महंगा होगा।दुनिया में अभी इन्फ्लेशन रेट बहुत हाई है। अमेरिका में महंगाई लगातार बढ़ रही है। भविष्य में इसका असर भी हम पर हो सकता है। इस स्थिति में रिजर्व बैंक भी कुछ नहीं कर सकेगा, क्योंकि उस स्थिति में कठोर मौद्रिक नीति की जरूरत होगी। जिसका अर्थव्यवस्था पर असर होगा महंगाई पर नहीं। बजट में वित्त मंत्री ने रिस्क लिया है।होम लोन पर छूट को लेकर कुछ भी नहीं कहा गया है। यानी होम लोन के ब्याज के भुगतान पर मिलने वाली 1.5 लाख रुपए की अतिरिक्त टैक्स छूट अभी केवल 31 मार्च 2022 तक ही मिलेगी।

### होम लोन

देश में इस समय लोन इंडस्ट्री 156.9 लाख करोड़ रुपए की है। इसमें सबसे अधिक हिस्सा होम लोन का है।

### कुल होम लोन की स्थिति

देश में होम लोन लेने वालों के आंकड़ों को देखें तो पता चलता है कि देश में होम लोन लेने वालों में से आधे 36 से 50 साल तक की उम्र वाले लोग हैं। वहीं होम लोन देने वाले वित्तीय संस्थानों और बैंकों में सरकार बैंक निजी बैंकों की तुलना में तीन गुना अधिक लोन देते हैं।

### होम लोन पर छूट

2019-20 के बजट में 1 अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2020 के बीच लिए गए होम लोन के ब्याज के भुगतान पर 1.50 लाख रुपए की अतिरिक्त टैक्स छूट का ऐलान किया गया था। जिसे बाद में 31 मार्च 2022 तक बढ़ाया गया है। इसमें किसी तरह का कोई बदलाव नहीं किया गया है।

**होम लोन पर मिलती है 5 लाख रुपए तक की कुल टैक्स छूट:** इनकम टैक्स के सेक्शन 80ष्ट के तहत 1.50 लाख रुपए तक होम लोन प्रिंसिपल अमाउंट पर टैक्स छूट सेक्शन 24क्च के तहत होम लोन के ब्याज पर सालाना 2 लाख रुपए तक की रकम पर टैक्स छूट अफोर्डेबल हाउसिंग के तहत पहला मकान खरीदने वालों को सेक्शन 80श्वश्व के तहत 45 लाख रुपए तक की की त वाले घर के होम लोन ब्याज पर 1.50 लाख रुपए तक अतिरिक्त छूट सेक्शन 80श्वश्व के तहत पहली बार घर खरीदने वालों के लिए होम लोन की ब्याज पर 50,000 की अतिरिक्त टैक्स छूट है।

# शेयर बाजार: सेंसेक्स में 500 पॉइंट्स की तेजी, 59 हजार के पार

*मुंबई।* मंगलवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 848 पॉइंट्स बढ़कर 58,862 पर बंद हुआ शेयर बाजार में हफ्ते के तीसरे दिन भारी तेजी है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 500 पॉइंट्स बढ़कर 59,293 पर पहुंच गया है। बैंकिंग शेयर्स में बढ़त दिख रही है।

### 431 अंक ऊपर खुला था सेंसेक्स

सेंसेक्स आज 431 पॉइंट्स ऊपर 59,293 पर खुला था। पहले घंटे में इसने 59,364 का ऊपरी और 59,248 का निचला स्तर बनाया। इसके 30 शेयर्स में से 3 गिरावट में और 27 बढ़त में कारोबार कर रहे हैं। बढ़ने वाले प्रमुख शेयर्स में ITC, पावरग्रिड, कोटक बैंक, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक और ॥छ्वस्रष्ट हैं।

### ये भी हैं बढ़त में

इनके अलावा मारुति, SBI, NTPC, ICICI बैंक, टाइटन, एयरटेल, नेस्ले, इंफोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, डॉ. रेड्डी और ञ्जष्टस्न भी मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं। गिरने वाले प्रमुख शेयर में टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट




और सन फार्मा के साथ टेक महिंद्रा हैं।

### 165 स्टॉक अपर सर्किट में

सेंसेक्स के 165 स्टॉक अपर सर्किट में और 180 लोअर सर्किट में हैं। इसका मतलब यह है कि एक दिन में इनकी कीमत में एक तय सीमा से ज्यादा उतार-चढ़ाव नहीं हो सकता है। लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 269.21 लाख करोड़ रुपए है। कल यह 267.48 लाख करोड़ रुपए था। उधर, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 117 अंकों की तेजी के साथ 17,694 पर कारोबार कर रहा है। यह 17,706 पर खुला था और 17,723 का ऊपरी तथा 17,686 का निचला स्तर बनाया। इसके मिड कैप, फाइनेंशियल, बैंकिंग और नेक्स्ट 50 इंडेक्स तेजी में कारोबार कर रहे हैं।

### निफ्टी के 41 स्टॉक तेजी में

निफ्टी के 50 स्टॉक में से 41 बढ़त में हैं और 9 गिरावट में हैं। बढ़ने वाले प्रमुख शेयर्स में आयशर मोटर्स, कोटक बैंक, पावरग्रिड, ढ्ढञ्जष्ट और बजाज फाइनेंस हैं। गिरने वाले में टेक महिंद्रा, ब्रिटानिया, अडाणी पोर्ट और अल्ट्राटेक हैं। इससे पहले मंगलवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (क्चस्श्व) का सेंसेक्स 848 पॉइंट्स बढ़कर 58,862 पर जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 237 अंक की तेजी के साथ 17,576 पर बंद हुआ।

# क्या सस्ता हुआ और क्या महंगा: पार्ट्स पर इंपोर्ट ड्यूटी कम होने से मोबाइल सस्ते होंगे, चार्जर और स्मार्टवॉच की कीमतें भी कम होंगी

*नई दिल्ली। बजट में लोगों का ध्यान सबसे ज्यादा इस बात पर होता है कि क्या सस्ता और क्या महंगा हुआ। त्रस्स्ञ्ज आने के बाद से ज्यादातर चीजों की कीमतों पर बजट का असर नहीं होता, फिर भी इस बार मोबाइल और डायमंड इंपोर्ट ड्यूटी कम होने से कुछ सस्ते हो जाएंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि बजट में इंपोर्ट ड्यूटी कम-ज्यादा करने का ही ऐलान होता है। ऐसे में बजट में जिन प्रोडक्ट्स पर इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ाई गई है, वे महंगे हो गए हैं। कुछ प्रोडक्ट्स पर सरकार ने इंपोर्ट ड्यूटी घटाई भी है। ऐसे में आपके मन में भी सवाल होगा कि इस बजट का आपकी पॉकेट पर कितना असर होगा? तो चलिए जान लेते हैं बजट में क्या महंगा-क्या सस्ता हुआ?*

### मोबाइल फोन की कीमतें कम होंगी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने डोमेस्टिक मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए मोबाइल फोन चार्जर ट्रांसफॉर्मर, मोबाइल फोन कैमरा लेंस की इंपोर्ट ड्यूटी घटाने की घोषणा की है। मोबाइल पार्ट सस्ते होने से मोबाइल के भी सस्ते होने की उम्मीद है। पेट्रोलियम रिफाइनिंग के



लिए जरूरी केमिकल के अलावा मेथनाल और कुछ अन्य केमिकल पर इंपोर्ट ड्यूटी घटाई गई है। कुछ स्टील प्रोडक्ट पर एंटी-डंपिंग ड्यूटीऔर काउंटरवेलिंग ड्यूटी भी हटाने की घोषणा की गई है। स्रस्रश्वस् को राहत देने के लिए स्टील स्क्रैप पर इंपोर्ट ड्यूटी छूट को 1 साल के लिए बढ़ा दिया गया है।

### डायमंड सस्ता होगा

सरकार ने कट और पॉलिश डायमंड के साथ रत्नों पर इंपोर्ट ड्यूटी को 5त्न कर दिया है। वर्तमान में कटे और पालिश किए गए हीरे के साथ-साथ रत्नों पर इंपोर्ट ड्यूटी 7.5त्न है। वहीं सिंपली सोन्ड डायमंड पर अब कोई इंपोर्ट ड्यूटी नहीं लगेगी। वित्त मंत्री सीतारमण ने यह भी घोषणा की कि सरकार ई-कामर्स के माध्यम से ज्वैलरी के एक्सपोर्ट की सुविधा देगी। इसके लिए इस साल जून तक फ्रेमवर्क लागू किया जाएगा।

### इंपोर्टेड छाता महंगा

महंगी होने वाली चीजों की बात करें तो सरकार ने छाते पर ड्यूटी बढ़ाकर 20त्न कर दी है। यानी इंपोर्टेड छाते महंगे हो जाएंगे। इमिटेशन ज्वैलरी पर भी इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ाई गई है। इसके इंपोर्ट पर कम से कम 400 रुपए प्रति किलोग्राम शुल्क वसूला जाएगा। इसका कारण इंपोर्ट को कम करना है।

### बजट का असर ज्यादा प्रोडक्ट्स पर नहीं




ऐसी बहुत सारी चीजें नहीं हैं जिन पर असर पड़ा हो। दरअसल, अब 90त्न चीजों की कीमत त्रस्ञ्ज तय करता है, लेकिन विदेश से मंगाई जाने वाली वस्तुओं पर इंपोर्ट ड्यूटी का असर रहता है और इसकी घोषणा बजट में की जाती है। इसलिए पेट्रोल, डीजल,, ष्टहृत्र और इंपोर्टेड प्रोडक्ट्स जैसे- शराब, चमड़ा, सोना-चांदी, इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स, मोबाइल, केमिकल, गाड़ियां जैसी चीजों की कीमतों पर बजट घोषणाओं का असर पड़ता है। सरकार इन पर ही इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ाती या घटाती है। कुछ पर एक्साइज भी लगाया जाता है।

### इंपोर्ट ड्यूटी क्या होती है?

इंपोर्ट ड्यूटी वह टैक्स है जिसे किसी दूसरे देश से आने वाले सामान (इंपोर्ट) पर वसूला जाता है। इंपोर्ट ड्यूटी कितनी लगेगी, यह सामान की कीमत के साथ-साथ सामान किस देश का है, इसके साथ ही कई अन्य चीजों पर भी निर्भर करता है। इंपोर्ट ड्यूटी को कस्टम ड्यूटी, टैरिफ, इंपोर्ट टैक्स या इंपोर्ट टैरिफ भी कहते हैं। इंपोर्ट ड्यूटी के दो मकसद होते हैं- सरकार के लिए आय जुटाना और लोकल लेवल पर प्रोड्यूस होने वाले सामान को मार्केट में फायदा दिलाना।

# क्रिप्टो पर भारी-भरकम टैक्स: क्रिप्टोकरेंसी से हुई कमाई पर सरकार कैसे टैक्स वसूलेगी

क्रिप्टोकरेंसी से होने वाली कमाई पर अब 30त्न टैक्स देना होगा। इसके अलावा क्रिप्टोकरेंसी से ट्रांजैक्शन करने पर 1त्न का TDS भी लगेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को अपने बजट भाषण में इसकी जानकारी दी। वित्त मंत्री ने साफ किया कि RBI की ओर से जारी होने वाले डिजिटल रुपए को ही डिजिटल करेंसी माना जाएगा, जबकि बिटकॉइन और इथेरियम जैसी क्रिप्टोकरेंसी को एसेट माना जाएगा और इससे होने वाली कमाई पर टैक्स लगेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने




कहा, वर्चुअल डिजिटल एसेट में ट्रांजैक्शन में बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इनके चलते वर्चुअल डिजिटल एसेट्स के लिए एक खास टैक्स सिस्टम जरूरी हो गया है। अब किसी भी वर्चुअल डिजिटल एसेट के ट्रांसफर के जरिए होने वाली आय पर 30त्न की दर से टैक्स लगाया जाएगा। वहीं उन्होंने बताया कि वर्चुअल डिजिटल एसेट के ट्रांसफर में अगर कोई नुकसान होता है तो इसे दूसरे किसी अन्य सोर्स से हुई कमाई के साथ सेट ऑफ नहीं किया जा सकेगा।

**1. क्रिप्टो पर TDS कैसे कटेगा?**

क्रिप्टो करंसी की दुनिया में इसे लागू करना जटिल होगा, क्योंकि ट्रेडिंग के लिए भी अभी भारत में TDS नहीं कटता।

**2. क्रिप्टो खरीदने-बेचने वालों की पहचान नहीं होती, तो फिर किससे वसूला जाएगा?**

भारत के क्रिप्टो एक्सचेंज चङ्घष्ट कर रहे हैं। सरकार चाहे तो इससे खरीदार की पहचान कर सकती है। हालांकि, विदेश की क्रिप्टो एक्सचेंज से खरीद करने वालों की पहचान करना अभी मुश्किल दिख रहा है।

**आवश्यकता**

युवा प्रदेश नेटवर्क

*मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।*

युवा प्रदेश नेटवर्क,
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
भोपाल (मप्र)मो.- 9755364204

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)